कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 357, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 25 जनवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

हलवा सेरेमनी के साथ शुरू हुआ अंतरिम केंद्रीय बजट 2024 की तैयारी का अंतिम चरण

नई दिल्ली

वित्त मंत्री सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम केंद्रीय बजट 2024 पेश करेंगी, लेकिन अंतरिम केंद्रीय बजट 2024 के लिए बजट तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण को चिह्नित करने वाला हलवा समारोह बुधवार को नॉर्थ ब्लॉक में आयोजित किया गया। समारोह में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत कराड, वित्त सचिव और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मंत्रालय के मुताबिक हर वर्ष बजट तैयारी करने की "लॉक-इन" प्रक्रिया शुरू होने से पहले एक पारंपरिक हलवा समारोह आयोजित किया जाता है। पिछले तीन पूर्ण केंद्रीय बजटों की तरह अंतरिम केंद्रीय बजट 2024 भी कागज रहित दिया जाएगा। पिछले तीन पूर्ण केंद्रीय बजटों की तरह इस बार भी अंतरिम केंद्रीय बजट 2024 भी कागज रहित दिया जाएगा। समारोह के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री ने बजट प्रेस का दौरा किया और संबंधित अधिकारियों को शुभकामनाएं देने के अलावा तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर वित्त और व्यय सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन, आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ, दीपम के सचिव तुहिन कांत पांडे, राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष नितिन गुप्ता, केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल और अपर सचिव (बजट) आशीष वच्छानी के अलावा बजट की तैयारी और संकलन प्रक्रिया में शामिल वित्त मंत्रालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।

नौसेना ने क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस से भूमि लक्ष्य पर सफलतापूर्वक हमला किया

नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने बुधवार को उन्नत सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के साथ उन्नत सीमा पर एक भूमि लक्ष्य पर सफलतापूर्वक हमला किया। इस परीक्षण का मकसद विस्तारित दूरी की ब्रह्मोस मिसाइल से सटीक प्रहार कर-के स्वदेशी क्षमता का मूल्यांकन करना था। यह 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए एक और शॉट था। इस ब्रह्मोस मिसाइल में नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है।

'इंडिया' गठबंधन में पड़ी फूट!

टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने 2024 लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा की

कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी ने 2024 लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा की है। ममता ने बुधवार को कहा- पश्चिम बंगाल में सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस ने मेरा प्रस्ताव ठुकराया दिया। हम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेंगे। दरअसल, कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए बंगाल में 10 से 12 सीटों की मांग कर रही है, जबकि टीएमसी केवल दो सीटें देने पर अड़ी है। यह वे सीटें हैं जिन्हें कांग्रेस ने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में जीता था। कांग्रेस के अलावा बंगाल में लेफ्ट पार्टियां भी हैं, जो 28 दलों वाले विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं। ममता ने बुधवार को हावड़ा में मीडिया से कहा- मेरी कांग्रेस से कोई चर्चा नहीं हुई है। मैंने हमेशा कहा है कि बंगाल में हम अकेले लड़ेंगे। मुझे इस बात की बिल्कुल चिंता नहीं है कि देश में क्या होगा, लेकिन हम सेक्युलर पार्टी हैं और बंगाल में हम अकेले भाजपा को हराएंगे। मैं अब भी कठ.ऊकअ का हिस्सा हूं। ममता बनर्जी ने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा- 25 जनवरी को राहुल गांधी की न्याय यात्रा हमारे राज्य से गुजर रही है, लेकिन हमें इसके बारे में बताया तक नहीं गया। हमें यात्रा से जुड़ने के लिए नहीं बोला गया है, इसलिए हम इसमें शामिल नहीं होंगे।

कांग्रेस बोली- ममता के बिना गठबंधन की कल्पना नहीं

कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी जयराम रमेश ने ममता के फैसले पर कहा- ममता बनर्जी ने कहा था कि हम भाजपा को हराना चाहते हैं और हम इसके लिए कुछ भी करेंगे। राहुल गांधी भी साफ कर चुके हैं कि ममता बनर्जी गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं।

इंडिया बंगाल में मिलकर चुनाव लड़ेगी: जयराम रमेश

कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी जयराम रमेश ने कहा कि उनके बिना गठबंधन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। इंडिया बंगाल में मिलकर चुनाव लड़ेगी। जयराम रमेश ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा में टीएमसी को निमंत्रण नहीं मिलने की बात पर कहा- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कई बार कह चुके हैं कि गठबंधन की सभी पार्टियां भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित हैं।

राहुल गांधी भी साफ कर चुके हैं कि ममता बनर्जी गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं।

पंजाब में भी गठबंधन बिखरा: आप लड़ेगी सभी सीटों पर चुनाव

देश के सियासत में बड़ा उफान तब आया, जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गठबंधन से अलग होकर चुनाव लड़ने की घोषणा की। उसके थोड़ी देर बाद पंजाब में भी गठबंधन से अलग होकर चुनाव लड़ने की बात सामने आई। सियासी जानकारों का कहना है कि पश्चिम बंगाल और पंजाब में जिस तरीके का फैसला हुआ है, वह कोई अप्रत्याशित फैसला नहीं है। गठबंधन में शुरूआत से ही यह चर्चा हो रही थी कि गठबंधन में कुछ ऐसे दल और

राज्य हैं, जहां पर फ्रेंडली फाइट की संभावनाएं बन रही है। पश्चिम बंगाल समेत पंजाब और दक्षिण में केरल माना जा रहा था। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अभी पश्चिम बंगाल और पंजाब से अलग-अलग चुनाव लड़ने की जानकारी आई है। जानकारों की मानें तो इसी तरीके का फैसला केरल से भी आ सकता है।

गठबंधन में वामदलों का केरल एक ऐसा राज्य है, जो कि विपक्षियों के साथ शामिल तो है, लेकिन उसकी सत्ता में मजबूती इस वक्त इसी राज्य में है। ऐसे में माना यही जा रहा था कि लेफ्ट अपनी सियासत को कांग्रेस के साथ मिलकर इस राज्य में आगे नहीं बढ़ा सकता। वह कहते हैं अभी तक केरल को लेकर गठबंधन में सीटों के लिहाज से भी कोई फैसला नहीं हुआ है।

सीट साझा करने पर उनका किसी से संपर्क नहीं हुआ: ममता

अनुमान यही लगाया जा रहा है कि इस राज्य में भी पश्चिम बंगाल और पंजाब की तरह ही गठबंधन में शामिल प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के साथ फ्रेंडली फाइट हो सकती है। हालांकि गठबंधन में शामिल एक प्रमुख वरिष्ठ नेता का मानना है कि 31 जनवरी तक सीट शेयरिंग के फॉर्मूले पर काम करते हुए गठबंधन में शामिल सभी दलों को सीटों का बंटवारा कर दिया जाएगा।

वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को विपक्षी पार्टियों से मिलकर बने इंडिया गठबंधन को लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा झटका दे दिया। ममता बनर्जी ने कहा कि आम चुनाव में सीट साझा करने पर उनका किसी से संपर्क नहीं हुआ है। इसलिए लोकसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी अकेले चुनावी मैदान में उतरेगी। राजनीतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार दामोदर बनर्जी कहते हैं कि विपक्षी गठबंधन के लिहाज से यह बहुत बड़ा झटका माना जा सकता है। उनका कहना है कि यह बात पहले से तय थी कि पश्चिम बंगाल में गठबंधन के सीटों पर पेंच फंस रहा है। लेकिन अनुमान यही लगाया जा रहा था कि बीच का रास्ता कुछ निकलेगा और गठबंधन में जो फ्रेंडली फाइट की बात की जा रही थी वह नहीं होगी। लेकिन परिस्थितियां वैसी नहीं रहीं और आखिरकार ममता बनर्जी ने वही फैसला लिया, जिसके कयास लंबे समय से सियासी गलियारों में लगाए जा रहे थे। पश्चिम बंगाल के बाद पंजाब में भी आम आदमी पार्टी ने अलग चुनाव लड़ने का फैसला लिया है।

रामलला की तीनों प्रतिमाएं सामने आई...

गर्भगृह में विराजित प्रतिमा | दूसरी प्रतिमा | तीसरी प्रतिमा

'देश और समाज को बेहतर बनाती हैं हर एक बालिका'

नई दिल्ली

देश में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। पीएम मोदी ने देशवासियों को राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई दी। इस बीच प्रधानमंत्री ने बालिकाओं के नाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक संदेश भी साझा किया।

'देश और समाज को बेहतर बनाती हैं हर एक बालिका'

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा- 'राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हम बालिकाओं की अदम्य भावना और उपलब्धियों को सलाम करते हैं। हम सभी क्षेत्रों में प्रत्येक

बालिका की समृद्ध क्षमता को भी पहचानते हैं। वे परिवर्तन-निर्माता हैं, जो हमारे देश और समाज को बेहतर बनाती हैं। हमारी सरकार एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण के लिए कई प्रयास कर रही है, जहां प्रत्येक बालिका को सीखने, बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिले।'

साल 2008 में हुई थी राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुरूआत

आपको बता दें कि आज के दिन को हर साल राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुरूआत साल 2008 में हुई थी। बालिका दिवस का बहुत महत्व है क्योंकि यह लोगों को देश में बालिका के महत्व और उसके अधिकारों के बारे में जागरूक करता है।

खरगे ने 'न्याय यात्रा' की सुरक्षा को लेकर खड़े किए सवाल

नई दिल्ली

असम में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। खड़गे द्वारा मंगलवार रात लिखे गए पत्र में पिछले कुछ दिनों में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में सुरक्षा मुद्दों को लेकर भी जिक्र किया गया है। खड़गे ने अमित शाह को लिखे अपने पत्र में कहा कि 18 जनवरी, 2024 को यात्रा के असम में प्रवेश के पहले दिन, असम पुलिस को यात्रा के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के बजाय सिबसागर जिले के अमगुरी में भाजपा के पोस्टरों की सुरक्षा करते हुए पाया गया था। जबकि दूसरे दिन, भाजपा से जुड़े उपद्रवियों को लखीमपुर जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा (बीजेएनवाई) के पोस्टर और होर्डिंग्स को तोड़ते और उतारते हुए पकड़ा गया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में आगे लिखा है, "21 जनवरी, 2024 को जैसे ही यात्रा अरुणाचल प्रदेश के रास्ते असम लौटी, सोनितपुर जिले में यात्रा पर एक और अपमानजनक हमला हुआ। सोनितपुर जिले के स्थानीय पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के भाई हैं। उन्होंने देखा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने हमारे महासचिव, जयराम रमेश के साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम पर हमला किया।

और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। जयराम रमेश की कार पर हमला किया गया, जबकि उपद्रवी बीजेएनवाई विरोधी नारे लगा रहे थे, वाहन पर लगे बीजेएनवाई स्टिकर को फाड़ दिया और अंदर यात्रियों पर पानी फेंकने का प्रयास किया।"

इसमें कहा गया है, "उसी दिन सोनितपुर जिले में, भाजपा के जिला पार्टी कार्यकर्ता राहुल गांधी के काफिले के पास पहुंचे और उन्हें रोक दिया।

सीबीआइ की 16 ठिकानों पर छापेमारी

नई दिल्ली

सीबीआइ ने 60 करोड़ रुपये की रिश्वत के मामले में रेलवे के सात कर्मचारियों व निजी कंपनी भरतिया इंफ्रा प्रोजेक्टस लिमिटेड (बीआइपीएल) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला 2016 से 2023 के बीच पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की परियोजनाओं के लिए 60 करोड़ रुपये की रिश्वत देने से जुड़ा है। मामला दर्ज करने के बाद सीबीआइ ने असम, त्रिपुरा, मणिपुर और दिल्ली में आरोपित

अधिकारियों व कंपनी से जुड़े 16 परिसरों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मामले से संबंधित आपत्तिजनक दस्तावेज और आरोपितों द्वारा अर्जित संपत्ति के दस्तावेज बरामद हुए। सीबीआइ के अधिकारी ने बताया कि एफआइआर में तत्कालीन उप मुख्य अभियंता निर्माण रामपाल, तत्कालीन उप मुख्य अभियंता जितेंद्र झा और बीयू लस्कर, तत्कालीन वरिष्ठ अधीक्षक अभियंता ऋतुराज गोगोई, धीरज भागवत, मनोज सैकिया, मिथुन दास और बीआइपीएल को नामजद किया गया है। सीबीआइ के सामने यह मामला गत वर्ष फरवरी में दो करोड़ की रिश्वत लेने के मामले में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर संतोष कुमार की गिरफ्तारी के बाद आया।

असम राइफल्स के जवान ने 6 साथियों पर बरसाईं गोलियां

इंफाल

मणिपुर में भारत म्यांमार बॉर्डर पर तैनात असम राइफल्स के एक जवान ने कथित तौर पर अपने साथियों पर फायरिंग की है। इसके बाद उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बुधवार को पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मणिपुर के चंदेल जिले में असम राइफल्स के एक जवान ने पहले अपने सहकर्मियों पर गोली चलाई, जिसमें कम से कम 6 जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने आगे बताया कि यह घटना मंगलवार देर रात साजिक तम्पाक इलाके में हुई जब असम राइफल्स के जवान ने अपने साथियों पर गोली चला दी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, बाद में उसने खुद को गोली मार ली।

'हर रामभक्त को रामलला का दर्शन कराना हमारा कर्तव्य'

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में रामलला के दर्शन की आकांक्षा लिए उमड़े आस्था के महासागर के बीच हर श्रद्धालु के सहज, सुगम व संतोषपूर्ण दर्शन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों व स्थानीय प्रशासन के साथ परिस्थितियों का जायजा लेने के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री ने शासन स्तर के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अयोध्याधाम में आस्था का जनसमुद्र देखा जा सकता है। पूरे देश से श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। हर कोई अपने आराध्य प्रभु के दर्शन का पुण्य लाभ चाहता है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन स्वाभाविक है। ऐसी परिस्थितियों में हर

श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा व सुगम दर्शन की व्यवस्था करना हम सभी का कर्तव्य है। स्थानीय प्रशासन और मंदिर न्यास के बेहतर समन्वय के साथ क्राउड मैनेजमेंट किया जाना चाहिए। राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ और जन्मभूमि पथ पर, जहां भी दर्शनार्थी हों, कतारबद्ध खड़े हों। भीड़ न लगे। कतार चलायमान रहे। बुजुर्गों/बच्चों/महिलाओं का विशेष ध्यान दें।दर्शनार्थियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रमुख पथों पर लो-ट्यून में राम भजन बजने चाहिए। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों का व्यवहार मर्यादित होना चाहिए। कतारबद्ध श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पर पेयजल की व्यवस्था कराएं। दिव्यांग अथवा अति बुजुर्ग श्रद्धालु के लिए आवश्यकतानुसार व्हीलचेयर के प्रबंध भी होने चाहिए। ठंड बहुत है, ऐसे में अलाव की व्यवस्था कराएं। भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ पर पर जूट मैटिंग कराएं। प्लास्टिक की कुर्सियां लगाएं ताकि बुजुर्ग एवं वृद्धजन आवश्यकतानुसार विश्राम कर सकें।

सभी घाटों सहित पूरे नगर में साफ-सफाई-स्वच्छता लगातार होती रहे। मशीनीकृत सफाई हो। सीएम ने का कि जो श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर चुके हों, उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन के पर्याप्त साधन उपलब्ध हों। परिवहन निगम की बसों की व्यवस्था हो। विभिन्न नगरों से अयोध्या आने के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन अभी स्थगित रखें।

दर्शन के उपरांत जिस रूट के श्रद्धालु अधिक हों, उस ओर बसों को लगाकर श्रद्धालुओं को गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था हो। ऐसे रूट चिन्हित कर आवश्यकतानुसार रेलवे से कोऑर्डिनेट करते हुए ट्रेनों के संचालन के प्रयास होने चाहिए। परिवहन मंत्री स्वयं इस व्यवस्था को सुनिश्चित कराएं। मुख्य सचिव/डीजीपी/अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री/प्रमुख सचिव परिवहन और प्रमुख सचिव नगर विकास बेहतर समन्वय से श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित कराएंगे।

लोकतांत्रिक देश में सरकार बनाने के लिए मतदाताओं की भूमिका अहम : कैलाश सिंह

मेजा बीआरसी में मना 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस वोट डालने के लिए दिलाई गई शपथ

अखंड भारत संदेश

मेजा। प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी का दिन भारत में नेशनल वोटर्स डे यानी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग 25 जनवरी 2024 को 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहा है। इसी क्रम में मेजा बीआरसी में मतदाता दिवस के पूर्व संध्या पर मासिक मीटिंग के दौरान उपस्थित प्रधानाध्यापकों को खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की किसी भी लोकतांत्रिक देश में सरकार बनाने में मतदाताओं की सबसे बड़ी और अहम भूमिका होती है। मतदाता अपने कीमती वोट का प्रयोग कर सरकार का चुनाव करता है इस लिए इस बार वोट जैसा कुछ नही वोट जरूर डालेंगे हम इस विषय पर चर्चा की गई और शपथ भी कराया गया उन्होंने कहा की राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य लोगों को अपने मतदान के प्रति जागरुक करना और निष्पक्ष होकर मतदान करने को लेकर प्रेरित करना है। सभी 18 साल के हो चुके वयस्क युवकों का वोटर लिस्ट में नाम जोड़ना और अपने वोट के प्रति उन्हें जागरुक करना वोटर डे मनाने का उद्देश्य होता है। इसी क्रम में मासिक मीटिंग के दौरान छात्रों की उपस्थित निपुण लक्ष्य, डी बी टी समर्थ एप आदि 16 बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में अध्यक्ष मनीष तिवारी, ए आर पी गिरीश तिवारी, रामनिरंजन, कमलाकांत पांडे विशिष्ट बीटीसी अवनीश मिश्र अखिलेश मिश्र,रविंद्र मोहन सिंह, हसन अब्बास, अफताब अहमद, संगीता चौधरी, वीपी सिंह, केशवानंद आदि कई लोग रहे।

बच्चों को दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ

करछना। मतदान हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। एक अच्छे और सच्चे लोकतंत्र के लिए बढ़ चढ़कर मतदान करना किसी यज्ञ से कम नहीं। इसके लिए सभी योग्य बच्चे संकल्पित हों और अपने पास पड़ोस के लोगों को भी अधिक से अधिक मतदान के प्रति जागरूक करें। भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में बुधवार को प्रार्थना सभा के दौरान यह बातें प्रधानाचार्य मनीष कुमार तिवारी ने बच्चों के बीच कही। उन्होंने कहा कि एक ईमानदार और अच्छा जनप्रतिनिधि चुनने में मतदान का बहुत बड़ा महत्व है इसके प्रति खुद जागरूक होकर औरों को जागरूक करना हमारा नैतिक कर्तव्य है।शिक्षकों ने भी बच्चों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए इसका महत्व समझाया। बच्चों ने भी जागरूकता की शपथ लेते हुए अपने घर गांव और पास पड़ोस के व्यक्तियों को इसके महत्व समझाने और जागरूक करने का संकल्प लिया इस मौके पर शिक्षक,कर्मचारी और बच्चे मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता दिवस पर बच्चों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई

जसरा। जसरा के स्थानीय विद्यालय श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा प्रयागराज की ओर से मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर बच्चों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य डा०योगेंद्र सिंह ने बच्चों से कहा कि प्रत्येक छात्र अपने परिजनों और अपने आसपास के लोगों को मतदान में भाग लेने के लिए उन्हें जागरूक अवश्य करें। कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षक दयाशंकर सिंह ने छात्रों से कहा कि छात्र ही भावी मतदाता हैं। वे भारतीय लोकतंत्र में मतदान के महत्त्व को अवश्य समझे। बाद में विद्यालय के बच्चों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर सुनील कुमार साहू, कुलभूषण मिश्र, राजेश द्विवेदी, अचलेन्द्र जायसवाल, कमलेश अवस्थी, राकेश श्रीवास्तव, राम लखन प्रजापति, विकास केशरी, रितेश प्रजापति, वीरेंद्र कुमार, अखिल कुमार, शिवकुमार केशरवानी, सूर्य कुमार सिंह, सुरेश कुमार सिंह, राकेश कुमार, भैरव सिंह, राजेंद्र प्रसाद, नन्हें लाल यादव, रंग लाल यादव, अजय मिश्रा आदि शिक्षक के साथ सैकड़ों छात्र गण मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

अमन सिंह यादव ने खेलों इंडिया यूथ गेम्स पोलवाट प्रतियोगिता में रजत पदक जीत कर लहराया परचम



मऊआइमा। 23 जनवरी से 25 जनवरी के बीच आयोजित मध्यप्रदेश में पोलवाट का परीक्षण प्राप्त कर रहे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चेन्नई तमिलनाडु में खेलो इंडिया यूथ गेम्स पोलवाट प्रतियोगिता में अमन यादव ने 4.40 मीटर ऊंची छलांग लगाकर सिल्वर मेडल जीत कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। मऊआइमा विकास खंड के शहबाजपुर गांव निवासी पृथ्वीपाल यादव के लाल ने देश में नई मिसाल कायम कर भारत के गौरव को बढ़ाया। पिता की सच्ची लगन, व माता उर्मिला देवी की सच्ची प्रेरणा से कोच घनश्याम यादव के मार्ग दर्शन में इस प्रतियोगिता में अमन सिंह यादव ने सिल्वर पदक जीत कर प्रयागराज जिले का गौरव बढ़ाया । भोपाल स्थित तात्या टोपे स्टेडियम टीटी नगर में कोच घनश्याम के मार्गदर्शन में अमन प्रशिक्षण ले रहा है। पोलवाट के अंतरराष्ट्रीय घनश्याम यादव द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त लगभग दो दर्जन खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त कर चुके हैं।

नारायण दत्त मिश्रा का डीएसपी पद पर चयन होने से क्षेत्रवासियों में खुशी

सहसों। क्षेत्र एवं परिवार का नाम रोशन करते हुए खेवराजपुर गांव निवासी नारायण दत्त मिश्रा (32) डिप्टी एसपी के पद पर चयनित किए गए हैं। उनको डिप्टी एसपी रैंक में नवां स्थान प्राप्त हुआ है। पिता हृदय नारायण मिश्रा ज्योतिषाचार्य हैं व माता विमला देवी मिश्रा ग्रहणी हैं। डिप्टी एसपी बने नारायण दत्त मिश्रा ने बताया कि वह कंप्यूटर साइंस से बीटेक धारक हैं। 2011 में उनको लंदन में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी मिल गई। जोकि कोरोना काल के समय में उन्हें कंपनी द्वारा वर्क फ्रॉम होम का अवसर प्राप्त हुआ। वर्क करते हुए उन्होंने वर्ष 2021 में पहली बार प्री परीक्षा उत्तीर्ण किया। वर्ष 2023 की परीक्षा परिणाम में डिप्टी एसपी के पद पर सफलता प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने अपने माता-पिता एवं गुरुजनों तथा सहयोगात्मक मित्रगणों का श्रेय बताया। उनके इस सफलता से उनके आवास पर सगे संबंधियों सहित क्षेत्रीय व्यक्तियों की हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई देने के लिए लोगों का आवागमन लगा हुआ है। इस अवसर पर डॉक्टर मनीष कुमार तिवारी एवं अतुल तिवारी सहित आदि लोगों ने माला पहनकर बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किए।

जय श्रीराम के गगन भेदी नारों के साथ निकली शोभायात्रा

जंघई। भगवान श्रीराम के गगनभेदी नारों से भण्डा गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रीरामलीला स्थल से यात्रा का शुभारंभ किया गया जो कि पूरे गांव में परिक्रमा करते हुए भगवान श्रीराम मंदिर अयोध्या में भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप की स्थापना हेतु निकाली गई। इस अवसर पर भक्तों द्वारा डीजे की धून पर नृत्य करते हुए गाजे बाजे के साथ भगवान श्रीराम के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर हो गया। हर कोई भगवान की भक्ति भाव में डूबा नजर आया हर गांव अयोध्या नजर आया हर मंदिर एवं घर-घर पर दीपोत्सव मनाकर भगवान श्रीराम चंद्र की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया गया।इस अवसर पर आलोक सिंह पूर्व प्रधान भण्डा, हुबराज यादव, अवनीश सिंह,गौरव राजपूत, गगलू सिंह, उमेश प्रताप सिंह, सहज प्रताप सिंह, अभय प्रताप सिंह, सचिन सिंह, आदर्श सिंह, हर्ष प्रताप सिंह, उत्कर्ष सिंह, नवनीत सिंह, नीरज सिंह, वीरभद्र सिंह, अमन सिंह, किशन सिंह, अमित सिंह, जितेंद्र सिंह, अभिषेक प्रजापति, भोलू सिंह, अनुपम सिंह, अनुराग सिंह, आदर्श तिवारी, सार्थक, प्रतीक सिंह, परम सिंह, पार्थ सिंह, निशु सिंह, शुभम पाठक, राजू पाठक, बबलू सोनार, शिवम सिंह, सुनील सिंह, दीपक सिंह, रोहित सिंह, नीरज शर्मा, कुंदन सिंह, आनंद प्रजापति , किशन दुबे, हम्पी सिंह, शुभम सिंह, पंचू सरोज, सत्यम सिंह, अनूप सिंह विनोद सिंह, मनोज सिंह, सुनील सिंह, सौरभ सिंह, शरद सिंह, प्रियांशु सिंह, मान सिंह सहित तमाम रामभक्त मौजूद रहे।

हत्यारोपी गिरफ्तार आला कत्ल के रूप में हाकी बरामद

मऊआइमा। बीस दिन पूर्व मऊआइमा के सादलपुर कहली में पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडा हाकी मार कर एक युवक की हत्या के वांछित को आला कत्ल के रूप में हाकी बरामद कर पुलिस ने गिरफ्तार का जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कहली सादलपुर निवासी रमेश कुमार 37 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम लखन को चार जनवरी की रात पुरानी रंजिश में लाठी डंडा हाकी से मार कर हत्या कर दी गई थी। जिसपर मृतक के भाई विपिन कुमार ने आधा दर्जन को नामजद किया था। मऊआइमा पुलिस ने पांच जनवरी को विजय उर्फ राही,हरिकरन, हेमन्त कुमार को जेल भेज दी थी। बुधवार को मऊआइमा थाना के इंस्पेक्टर राघवेन्द्र सिंह,सब इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, कांस्टेबल अमरेश सिंह,हिमांशू यादव ने हत्या के वांछित आरोपी बलराम यादव पुत्र स्वर्गीय राम करन को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर आला कत्ल के रूप में हाकी बरामद कर जेल भेज दी है।

तातारगंज गांव के युवक का यूपी पीसीएस में हुआ चयन

जसरा। तातारगंज गांव के युवक का यूपी पीसीएस में हुआ चयन। परिवार के साथ गांव के लोगों ने भी दिया बधाई , बांटे मिठाई। तातारगंज के पवन कुमार सोनकर पुत्र छेदीलाल सोनकर का यूपी पीसीएस के रिजल्ट निकलने के बाद अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर में चयन होने की खबर जब तातारगंज गांव में पहुंची तो पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने पवन कुमार सोनकर के घर जा करके बधाई दिया तथा इस गांव और क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताई गई । बताते चलें कि स्वर्गीय मथुरा प्रसाद सोनकर एक किसान थे। उनका बड़ा बेटा छेदीलाल सोनकर सी आर पी एफ में एस आई के पद पर तैनात हैं। उनका बड़ा बेटा पवन कुमार सोनकर जब यूपी पीसीएस के इम्तिहान में सफल हुए तो गांव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। पवन सोनकर के चाचा बृजेश कुमार सोनकर गांव के वर्तमान में प्रधान हैं। गांव के राजाबाबू पाठक, सेवा निवृत्त पीसीएस अधिकारी राधेश्याम पाठक, लालमणि पांडेय, चन्द्र शेखर पांडेय, कमला कान्त द्विवेदी, राजेश सोनकर, मुन्ना सिंह गहलोत सहित दर्जनों लोगों ने बधाई दी और आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी।

कड़ाके की ठंड से जीवन अस्त व्यस्त, जानवर ठिठुर कर बेहाल

मांडा। कड़ाके की ठंड से जीवन अस्त व्यस्त के साथ जानवर ठिठुर कर बेहाल हो रहे हैं। वही मनुष्य ऊनी कपड़े के अलावा अलाव के सहारे जी रहे हैं। और बाजार में घूमने वाले आवारा पशु भी सर्दी से बचने के लिए आग के नजदीक आकर राहत पाने की मशक्कत करते नजर आ रहे हैं। ठंड का सितम इतना अधिक है कि सुबह सात बजे खुलने वाला बाजार अब दस बजे के बाद खुल रहा है। उसके बाद भी मांडा के अलावा आसपास के बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। गोशाला में भी सर्दी से गोवंशों की मौत हो रही है। बेजुबा जीवन जीने वाले भले ही बोल न पाएं लेकिन उनके भी ठंड और दर्द महसूस होता है। फिर भी क्षेत्र में अलाव नहीं जलवाया गया।

क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल में बननो एलेवेन इम्पीरियल स्कूल के सिर बंधा ताज

विजेता टीम को 21 हजार,उप विजेता सैफ एलेवेन को 11हजार का पुरस्कार

मऊआइमा। मऊआइमा क्षेत्र के भानेमऊ क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसमें फाइल मैच बननो एलेवेन तथा उपविजेता सैफ एलेवेन रहा। मऊआइमा के भानेमऊ क्रिकेट टूनार्मेंट में आयोजित टूनार्मेंट के फाइनल मैच में टॉस सैफ एलेवेन बुआपुर ने जीता और बल्लेबाजी का फैसला लिया।दस ओवर में सैफ एलेवेन ने 88 रन बनाए जिसमें इसरार ने सर्वाधिक 30 रन बनाए।बाद में बैटिंग करने उतरी बननो एलेवेन इम्पीरियल स्कूल आफ एक्सीलेंस ब्लाक बाजार मऊआइमा ने आठ ओवर तीन गेंद में 89 रन बनाए।जिसमें सर्वाधिक 50 रन अंकुर यादव ने बनाए।जीतने वाली टीम बननो एलेवेन इम्पीरियल स्कूल आफ एक्सीलेंस को 21 हजार तथा उप विजेता सैफ एलेवेन को 11हजार मिले।ट्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज सैफ एलेवेन के सरफराज को 51सौ मिला जबकि मैन ऑफ द मैच अंकुर यादव को 11सौ रूपया दिया गया।इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी, दिलशाद अहमद कल्लू, सरताज,अंकेश जिला पंचायत सदस्य, भुट्टो, फिरोज,तथा ट्नामेंट के संयोजक गुलाम फहद आदि रहे।

सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुआ विकसित भारत का कार्यक्रम

सहसों। विकास खण्ड बहरिया के ग्राम सभा चंदरपुर उर्फ बसमहुआ में ग्राम प्रधान गीता तिवारी की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया तथा सभी लोगों को विकसित भारत के लिए संकल्प भी दिलाई। इस अवसर पर के कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को युवा भाजपा नेता शाश्वत अशोक तिवारी ने उपहार भेंटकर सभी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्षेत्र पंचायत सदस्य गायत्री तिवारी, मंडल महामंत्री संजय सिंह, विकास तिवारी अभिमन्यु सिंह, नागेंद्र यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी ओम प्रकाश, सोनू शुक्ला एवं अशोक शर्मा सहित आदि उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प को देश के युवा करेंगे पूरा : डॉ. संगम मिश्र

अखंड भारत संदेश

कोरांव के रत्यौरा में आयोजित हुआ युवा महोत्सव कार्यक्रम

प्रयागराज। हमारे देश और प्रयागराज के मेधावी युवाओं में वो अपार शक्ति, सामर्थ्य और प्रतिभा है कि जिसके सामने पूरा विश्व नतमस्तक है। यही युवा रामराज्य के सपने को साकार करेंगे, जिस ओर देश का युवा चल दे पूरा माहौल बदल सकता है उक्त बातें भाजपा नेता एवं समाजसेवी डा संगम मिश्र ने बुधवार को यमुनापार के रत्यौरा कोरांव में आयोजित युवा महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कही। श्री मिश्र ने आगे कहा युवा शक्ति ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में अपनी अहम भूमिका निभायेगी भारत देश युवाओं का देश है, जिसमें 65 प्रतिशत आबादी युवाओं की है। डॉ. संगम मिश्र ने युवा महोत्सव आयोजन समिति के पदाधिकारियों सदस्यों को युवाओं को एक जुट करने में अहम भूमिका की सराहना की। और देश के लिए कुछ करने हेतु उत्साहित किया। कार्यक्रम को किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री राजन श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया। आयोजक पूर्व प्रमुख कोरांव राम अवध कुशवाहा व संयोजक अमरेन्द्र वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। आभार अध्यक्ष आशाराम ने व्यक्त किया। इस अवसर पर शांति पांडेय , सूर्य मणि कुशवाहा, दुर्गा सिंह, दिनेश चौधरी आदि के साथ भारी संख्या में युवा मौजूद रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने यूवाओ को मंत्रमुग्ध कर दिया। युवा महोत्सव विगत 9 वर्षों से आयोजित हो रहा है।

खेल में मिली हार से खिलाड़ियों का लक्ष्य बढ़ जाता है : नसीरउद्दीन राईन

प्रतापपुर। किसी भी खेल प्रतियोगिता में हार के बाद प्रतियोगी खिलाड़ी का लक्ष्य और बढ़ जाता है जिससे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उसे कठिन मेहनत करने की सीख मिलती है हार जीत किसी खेल का एक हिस्सा होता है उसे मायूस नहीं होना चाहिए उक्त बातें प्रतापपुर विधानसभा के ग्राम सरजू पट्टी नेवादा में के.जी.एन. क्रिकेट टूनार्मेंट के समापन के पश्चात विजयी टीम को पुरस्कृत करते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नसीरुद्दीन राईन ने बतौर मुख्य अतिथि कहते हुए खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया।उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि इस तरह के आयोजनों से आपसी भाईचारा व सद्भावना बढ़ता है शारिरिक व मानसिक विकास के साथ साथ गांव की छुपी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। इस टूनार्मेंट में दर्जनों टीम मे दिलचस्प मुकाबला हुआ फाइनल बलिया एवं यादव गैंग में हुई यादव गैंग फाइनल मैच जीता।कमेंट्री राम प्रसाद यादव ने किया इम्पायरी शैलेंद्र पांडेय व मो.अफजल ने किया टूनार्मेंट के आयोजक मो. हासिम प्रधान ने आये हुए सभी खिलाड़ियों एवं दर्शकों आभार व्यक्त किया इस दौरान चंद्रजीत यादव, बब्लू राईन, मो.अफसर, एलके गौतम, रामबाबू पाल, मो. फैज, अनीस, सुनील गुप्ता, करण गौतम, सुरेश चौहान, अफसर, विकास कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस को याद कर मनाई जयंती

सहसों। युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी के सहसों कार्यालय पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सर्वप्रथम नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सोसायटी के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश केसरवानी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक शहर में हुआ था इनके पिता जानकी नाथ बोस एक प्रसिद्ध वकील और बंगाल विधानसभा के सदस्य भी थे। नेताजी प्रतिभाशाली व्यक्ति थे निःसंदेह हम कह सकते हैं कि नेताजी विश्व इतिहास के सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व करते थे। हम सभी वर्तमान सरकार से मांग करते हैं कि नेताजी के नाम पर महत्वपूर्ण जनहित योजनाएं जारी की जाएं जिससे नई पीढ़ी ऐसे महापुरुषों से प्रेरणा ले सकें और 23 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया जाए। गोष्ठी का संचालन अधिवक्ता अभिषेक कुमार सिंह ने किया। मुख्य रूप से अधिवक्ता ओम प्रकाश सिंह, विपिन केसरवानी, कुमार मौर्य, सुनील केसरवानी, आलोक केसरवानी एवं नीरज पांडे आदि उपस्थित रहे।

समाज सेवी ने गरीबों को बांटे कंबल

शंकरगढ। गलन भरी ठंडी के मौसम में जहां गरीब मजदूर ठंड से सिकुड़ रहे हैं, कपड़ों के अभाव में शाम होते ही अपनी झोपड़िया में कैद हो जाते हैं। ऐसे समय में कुछ समाजसेवियों ने इन गरीबों की मदद करने के लिए सराहनीय कदम उठाए हैं। ऐसे ही ठंड के मौसम में श्री बालाजी ग्रुप के मालिक ने गरीबों के बीच में कंबल बांटकर उनके चेहरे पर खुशी ला दी। इस ठंड भरी मौसम ने आम जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। शाम होते ही लोग ठंड के चलते अपने घरों में कैद हो जाते हैं।यही नहीं दोपहर 12:00 बजे तक कोहरे की अंध में गरीब भी अपने दैनिक कार्य पर नहीं निकल पाता है। ऐसे ही मौके पर कुछ समाजसेवियों ने गरीब समाज की ठंड से सुरक्षा करने के लिए जैसे बीड़ा सा उठा लिया है ।इन्हीं में एक नाम है शंकरगढ़ के श्री बालाजी ग्रुप के सतीश तिवारी जी का जिन्होंने आज शंकरगढ़ विकासखंड के जनवा ग्राम सभा में 100 कंबल बाट कर गरीबों के दुख दर्द में सहभागिता की। यही नहीं उन्होंने कहा कि हम हमेशा ही गरीबों के हितैषी रहे हैं । मुझसे जितना हो सकता है अपनी क्षमता के अनुसार गरीबों की मदद के लिए तैयार रहता हूं। और आगे भी करता रहूंगा। कंबल पाकार गांव के लोग बहुत खुश हुए। इस मौके पर प्रमुख रूप से शरद द्विवेदी, रितेश तिवारी ,नीरज शुक्ला सहित कई लोग साथ में चल रहे थे।

गुंडागर्दी : शिक्षक के घरद्वार की जमीन सरहगों ने कर लिया कब्जा, कार्यवाही की मांग

गृह स्वामी रह रहे गैर प्रांत एक भाई माघमेले में कर रहा कल्पवास

कोराव। इस समय कोराव में सरहग सक्रिय कानून व्यवस्था को तार तार करने पर लगे हैं,उन्हे कानून और सरकार का तनिक भी खौफ नहीं है। थाना कोरांव इलाके के ग्राम सभा बडौआ कला में एक रिटायर्ड इंटर कालेज के शिक्षक पंडित बृजबिहारी मिश्र और उनके छोटे भाई अशोक मिश्र बाहर हैं। जिसका फायदा उठाते हुए घर की औरतों को धमका कर उक्त लोगों की घर के अगल बगल सामने की जमीनों को रात में अवैध रूप से कब्जा कर लिया। बृज बिहारी मिश्रा माघ मेला में कल्पवास कर रहे हैं तो एक भाई अशोक गुजरात में नौकरी कर रहे हैं। जिसका फायदा कथित रूप से पड़ोसी अतिचारियों राजकुमार और सूर्यकली आदि ने बखूबी उठाया। बीती रात गैर कानूनी रूप से कब्जा कर लिया गया। द्वारा उचित माध्यम प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस तथा मुख्यमंत्री हेल्प लाइन को सूचना दे दी गई। देखना है स्थानीय पुलिस प्रशासन क्या कठोर कदम उठाता है। जबकि कोरांव पुलिस सूचना पर 14 एवं 19 जनवरी 2024 को मौके पर गई थी किंतु सरंहग भाग गए थे। एसडीएम एवं तहसीलदार कोरांव ने थानाध्यक्ष कोराव को दोषी लोगों के विरुद्ध कार्यवाही का आदेश दिया है। यदि पुलिस और तहसील प्रशासन एक्शन नहीं लेगा तो खूनी संघर्ष से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसी तरह सुखलास विश्वकर्मा पत्रकार का घर राजस्व और पुलिस अफसरों की उपस्थिति में समझौता हुआ फिर भी निर्माण कार्य को सरहग

विद्यार्थियों ने फायर स्टेशन मेजा का किया भ्रमण

मेजा। राजकीय इंटर कॉलेज बेरी मांडा के कक्षा 9वीं के छात्र/छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण के लिए मेजा स्थित फायर स्टेशन का भ्रमण कराया गया।राजकीय विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा का अध्यन कर रहे विद्यार्थियों ने बुधवार को मेजा के फायर स्टेशन का भ्रमण किया। पुलिस फायर स्टेशन मेजा के स्टेशन इंचार्ज राजेंद्र तिवारी की टीम द्वारा छात्रों को सुरक्षा से सम्बंधित कई गुर सिखाए गए। उन्होंने विद्यार्थियों को आग से बचाव, आग की किस्म, घर में लगी आग के बचाव के क्रियात्मक पहलुओं के द्वारा समझाया गया। छात्रों ने अग्निशमन की क्रियाविधि की भी जानकारी ली।राजकीय इंटर कॉलेज की शिक्षिका मधुलिका शुक्ला ने बताया की शासन स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से जोड़ने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम कराये जा रहे है। उन्होंने बताया कि भ्रमण का कार्यक्रम समन्वयक इमरान खान से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार कराया गया।

श्रमिकों के बच्चों के लिए प्रदेश के हर जनपद में बनेंगे अटल आवासीय विद्यालय

श्रम विभाग के अटल आवासीय विद्यालय के संचालन एवं लेबर सेस की मंत्री श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग अनिल राजभर ने बैठक में की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उ.प्र. अनिल राजभर बुधवार को सर्किट हाउस के सभागार में श्रम विभाग के अटल आवासीय विद्यालय के संचालन एवं लेबर सेस की प्रयागराज मण्डल की समीक्षा बैठक की। मंत्री जी ने बैठक में बताया कि श्रमिकों के बच्चों के लिए उ0प्र0 के 18 मण्डलों में बनाये गये अटल आवासीय विद्यालयों की उपयोगिता को देखते हुए अब इन्हें प्रदेश के प्रत्येक जनपद में बनाया जायेगा। उन्होने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय की प्रधानमंत्री जी ने स्वयं प्रशंसा की है एवं पूरे देश में श्रमिकों के बच्चो के लिए अटल आवासीय विद्यालय बनाये जाने की योजना पर विचार किया जा रहा है।

बैठक में मंत्री जी को उप श्रमायुक्त प्रयागराज ने ग्राम बेलहट तहसील कोरांव में बनाये गये अटल आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या, शिक्षकों की संख्या, लाइब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, प्ले ग्राउण्ड, मेस मैनेजमेंट एवं विद्यालय के संचालन हेतु फर्नीचर, आईटी इक्यूपमेंट, नेटवर्किंग, सीसीटीवी, पीए सिस्टम आदि विभिन्न आवश्यक सामाग्रियों के क्रय हेतु निर्गत टेण्डर एवं कार्यादेश की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया, जिसपर मंत्री जी ने समस्त कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से व उपकरणों की विशिष्टताओं की जांच कर भुगतान की कार्यवाही किए जाने के साथ ही प्रधानाचार्य के पास कुछ मदो में बजट रखने के लिए कहा है। बैठक में उन्होने फैसिलिटी मैनेजेंट की समीक्षा करते हुए सुपरवाईजर व प्लम्बर की नियुक्ति यथाशीघ्र कराये जाने के लिए कहा है। विद्यालय के हस्तांतरण के लिए गठित निरीक्षण समिति की रिपोर्ट को मंत्री जी को उपलब्ध कराने व विद्यालय में डीएलपी पीरियड में डीपीआर के अनुरूप निर्माण सम्बंधी किसी प्रकार की कमी के परिलक्षित होने पर उक्त कार्य को पूर्ण कराये जाने की समस्त जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था को दिए जाने के लिए कहा है। उप श्रमायुक्त को वन विभाग से सम्पर्क कर विद्यालय की भूमि पर उग सकने वाले पेड़ों का चिन्हीकरण करते हुए नक्षत्र वाटिका, अमृट वाटिका व मियावॉकी पद्धति से वृक्षारोपण कर परिसर व आस-पास के क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए कहा है। उन्होंने विद्यालय के मेस की समय= पर रैण्डमली जांच स्वयं व सम्बंधित श्रम प्रवर्तन अधिकारी से कराये जाने हेतु निर्देशित किया है, जिससे कि बच्चों को दिए जाने वाले भोजन व खाद्यय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। बैठक में उप श्रमायुक्त ने मंत्री जी को मानक संचालन प्रक्रिया के तहत वर्ष 2024-25 में कक्षा-6 व कक्षा-9 हेतु प्रत्येक में 140 (कुल 240) बच्चों के प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा कराये जाने के सम्बंध में जानकारी दी गयी, जिसपर मंत्री जी ने इस प्रवेश परीक्षा का प्रचार-प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा फार्म/आवेदन पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिए है, जिससे कि ज्यादा से ज्यादा बच्चे प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सके। मंत्री जी ने प्रवेश परीक्षा का प्रश्न पत्र कक्षा-6 व कक्षा-9 के स्तर का ही बनाये जाने के लिए कहा है। भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार के अन्तर्गत जनपद व सेस/उपकर संग्रहण की स्थिति की समीक्षा करते हुए निजी क्षेत्र से उपकर संग्रहण बढ़ाये जाने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में उप श्रमायुक्त के द्वारा बताया गया कि जनपद प्रयागराज का नोएडा के बाद उपकर संग्रहण में द्वितीय स्थान है, जिसपर मंत्री जी ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे और प्रभावी ढंग से करने के लिए कहा है, जिससे कि जनपद प्रयागराज अन्य जनपदों के लिए एक उदाहरण बन सके। बैठक में मंत्री जी ने कार्यदायी संस्थाओं एवं विभागों द्वारा उपकरण संग्रहण का भुगतान एवं उपकर की फीडिंग किए जाने हेतु बनाये गये उपकर संग्रहण पोर्टल, जिसका दिनांक 30.11.2023 को मंत्री जी के द्वारा शुभारम्भ किया गया है, पोर्टल पर कार्य करने की जानकारी हेतु मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी सम्बंधित अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित कराकर ज्यादा से ज्यादा अधिष्ठान पंजीयन कराये जाने के लिए कहा है। मंत्री जी ने नक्सा बनवाकर ही भवन निर्माण कराने व उपकर संग्रहण की जागरूकता ग्रामीण क्षेत्रों में कराये जाने के लिए व भवन व अन्य निर्माण हेतु बैंक से लोन लेने वालों की सूचना संग्रहीत किए जाने के लिए कहा है। बैठक के उपरांत श्रम विभाग के लाभार्थियों को हितलाभ प्रमाणपत्र वितरित किया व उन्होंने जनपद में आयोजित होने वाले प्रत्येक समाधान दिवस, थाना दिवस एवं अन्य प्रशासनिक आयोजनों के अवसर पर श्रम विभाग के द्वारा लाभार्थियों को हितलाभ प्रमाणपत्र वितरित कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त प्रयागराज लालाराम, सहायक श्रमायुक्त फतेहपुर सुमित कुमार, सहायक श्रमायुक्त प्रतापगढ़ आरके पाठक, प्रभारी सहायक श्रमायुक्त कौशाम्बी महंत प्रजापति, श्रम प्रवर्तन अधिकारीगण सहित कार्यदायी संस्थाओं के सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

- अटल आवासीय विद्यालय परिसर व आस-पास के क्षेत्र को नक्षत्र वाटिका, अमृत वाटिका व मियावॉकी पद्धति से वृक्षारोपण कर बनाया जायेगा हरा-भरा
- अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा का प्रचार-प्रसार कराकर कराये जायें ज्यादा से ज्यादा आवेदन
- जनपद में आयोजित होने वाले समाधान दिवस, थाना दिवस एवं अन्य प्रशासनिक आयोजनों के अवसर पर श्रम विभाग के लाभार्थियों को हितलाभ प्रमाणपत्र वितरित कराये जाने के दिए निर्देश

मण्डलायुक्त ने मतदाता जागरूकता की दिलायी शपथ

प्रयागराज। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बुधवार को गांधी सभागार में उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी।हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। इस अवसर पर अपर आयुक्तगणों सहित सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता की दिलायी शपथ

प्रयागराज। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बुधवार को संगम सभागार में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, मुख्य राजस्व अधिकारी कुवंर पंकज, एडीएम सिटी मदन कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह सहित सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

चॉदपुर सलोरी तथा दारागंज में सीलिंग की कार्यवाही

प्रयागराज। नगर आयुक्त नगर निगम, प्रयागराज के निर्देशानुक्रम में गृहकर वसूली के सम्बन्ध मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी द्वारा निरन्तर समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में जोनल कार्यालय कटरा एवं अल्लापुर में जोनल कर अधीक्षकों द्वारा अभियान में सख्ती दिखाते हुए कई बडे. बकायेदारों/भवन स्वामियों के भवन पर कुर्की की कार्यवाही की गयी, जिसके क्रम में जोन 04 अल्लापुर में आज दिनांक 24 जनवरी 2024 को 15 भवनों पर कुर्की की कार्यवाही प्रस्तावित थी, भवन स्वामी द्वारा कुछ का सम्पूर्ण भुगतान तथा कुछ का आंशिक भुगतान करते हुए धनराशि रू0-5.54 लाख चेक/कैश के माध्यम से जमा कराया गया, साथ ही भवन संख्या 579/26 दारागंज में वसूली के दौरान सीलिंग की कार्यवायी की गयी। इसी के साथ ही जोनल कार्यालय कटरा में 06 भवनों पर कुर्की हेतु कार्यवाही के दौरान भवन संख्या 61डी/7बी/3 चॉदपुर सलोरी पर बकाया गृहकर न जमा करने पर भवन स्वामी का भवन सील किया गया। वार्ड के अन्य भवनों से गृहकर वसूली के दौरान धनराशि रू0-03.37 लाख चेक/कैश जमा कराया गया। इस प्रकार सभी जोनों से कुर्की वसूली के दौरान गृहकर में प्राप्त कुल धनराशि रू0-34.90 लाख की वसूलयावी की गयी। कार्यवाही के दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी०के०द्विवेदी के नेतृत्व में कर अधीक्षक श्रीमती जया सिंह तथा झम्मन सिंह उपस्थित रहे साथ में नगर निगम प्रर्वतन दल की टीम कार्यवाही में शामिल रहे।

बाहर सराय में संपन्न हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कार्यक्रम

सोरांव। इलाके के बाहर सराय गांव में हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी बेसिक के बच्चों की एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता ग्राम प्रधान पति राम गणेश मौर्य की अध्यक्षता में संपन्न कराई गई। जिसमें दर्जा 6 से 8 तक के बच्चों ने परीक्षा में प्रतिभाग किए। जानकारी के अनुसार विगत कई सालों से विकासखंड सोरांव अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय वृसिंह उर्फ बाहर सराय में बच्चों के शैक्षिक बैधिक स्तर व शिक्षा के प्रति लगाव तथा शिक्षा के प्रति ललक पैदा करने के लिए ग्राम प्रधान मनोरमा देवी व प्रधान पति राम गणेश मौर्य की अध्यक्षता में कुल 80 बच्चों की परीक्षा संपन्न कराई गई। यह सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा महाबली स्मृति वाटिका के परिसर में बच्चों को दूर-दूर बैठाकर करके बड़े ही कड़ाई से व पारदर्शिता के माध्यम से परीक्षा को संपन्न कराया गया। यह सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा लगभग 2 घंटे की रही। परीक्षा उपरांत सभी बच्चों की कॉपियां ग्राम पंचायत में गठित शिक्षा कमेटियों में मूल्यांकन के लिए जमा कर लिया गया है। मूल्यांकन के बाद आगामी 26 जनवरी को ध्वजा रोहण के समय मुख्य अतिथि के उपस्थिति में जो भी छात्र अच्छे नंबर पाए रहेंगे उनको सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर शमशेर पटेल, मोहम्मद आजाद, अजय कुशवाहा, रवि निर्मल, छोटू निर्मल, शैलेंद्र मौर्य, हिमांशु यादव, राजीव मौर्य संग दर्जनों लोग मौजूद रहे।

रिंग रोड में जा रही जमीन की नाप करने पहुंची राजस्व टीम

अखंड भारत संदेश

असन्तुष्ट किसानों ने मुआवजे को लेकर रिंग रोड का काम रोका है

झूंसी। रिंग रोड में जा रही किसानों की जमीन की नाप करने बुधवार को फिर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ राजस्व टीम झूंसी पहुची जहा पूरे दिन नाप चली लेकिन अभी भी कुछ किसान मुआवजे व जमीन अधिग्रहण को लेकर असंतुष्ट हैं। किसानों का कहना है कि मामले के निस्तारण के बाद ही रिंग रोड का काम शुरू किया जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा नैनी, झूंसी होते सहसो तक रिंग रोड का काम करवाया जा रहा है। झूंसी में सैकड़ो बीघे किसानो की जमीन रिंग रोड में चली गई है। कुछ किसान उचित मुआवजा न मिलने से नाराज है और रिंग रोड के काम को रुकवा दिया। जिसको लेकर कई बार राजस्व टीम व कार्यदाई संस्था किसानों को समझने का प्रयास किया पर किसान मानने को तैयार नहीं हुए। बजहा के पूर्व प्रधान राजेश सिंह ने बताया कि मुआवजा बहुत ही कम दिया जा रहा है। उनका कहना है कि जो जमीन सड़क किनारे है उसका मुआबजा बढ़ाया जाय। बुधवार को एक बार फिर राजस्व टीम पुलिस की मौजूदगी में नीबी, बजहा, राजपुर में जमीन की नाप कर किसानों को सन्तुष्ट करने का प्रयास किया पर अभी भी कुछ किसान संतुष्ट है।

ओवरलोड वाहन से ग्रामीण परेशान

रिंग रोड में गांव के तालाबो से मिट्टी जा रही है। चकिया के पंकज ने बताया कि कंपनी की गाड़िया कई टन माल लेकर गांव की सड़कों पर फरार्टा भर रही है जिससे दिनभर धूल उड़ती रहती है और दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है। ओवरलोड होने की वजह से कई स्थान पर सड़क भी टूट गई है।

डीएमकी अध्यक्षता में कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

जिलाधिकारी ने प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाते हुए शत-प्रतिशत आरसी वसूली सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश

प्रयागराज। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों/उपलब्धियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, स्टॉम्प एवं रजिस्टेशन, आबकारी, परिवहन, नगर निकाय, विद्युत विभाग, खनन विभाग, मण्डी परिषद सहित अन्य सम्बंधित विभागों की राजस्व प्राप्तियों/उपलब्धियों एवं प्रवर्तन कार्यवाही की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। वाणिज्यकर की समीक्षा करते हुए क्रमिक लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम पाये जाने पर खण्ड-1 एवं खण्ड-6 से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। नगर निकाय की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति खराब पाये जाने पर अधिशाषी अधिकारी फूलपुर, मऊआइमा, सिरसा, शंकरगढ़ से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। खनन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने खनन विभाग के अधिकारियों को आर0सी0 वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए है कि खनन की वसूली प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कुम्भ के दृष्टिगत निर्माण कार्यों में कोई लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। लैण्ड एक्यूशन के बारे में जानकारी ली कि कितना भुगतान हुआ है तथा किया जायेगा, कितना बाकी है, की जानकारी लेते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में पेंडेंसी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि स्ट्रक्चर के भुगतान में विलम्ब नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर विभाग, आबकारी, विद्युत विभाग, परिवहन विभाग के अधिकारियों को प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाये जाने के साथ-साथ आरसी वसूली में भी प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। नगर पंचायत की समीक्षा करते हुए सभी अधिशाषी अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर वसूली का निर्देश दिया है। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए सभी उपजिलाधिकारियों को बकायेदारों से वसूली सुनिश्चित करने का निर्देश दिए है। मण्डी समितियों के राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मण्डी सचिवों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, उपजिलाधिकारी गण सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कार की टक्कर से बाइक सवार दरोगा घायल

झूंसी। छतनाग रोड के सामने वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर एक कार सवार ने बाइक सवार दरोगा को टक्कर मार कार मौके पर ही छोड़ फरार हो गया। दरोगा की हालत गंभीर बताई जा रही है। सरायइनायत के ककरा उपरहार गांव निवासी घायल दरोगा की पोस्टिंग सूबेदारगंज में है। सरायइनायत के ककरा उपरहार गांव निवासी राजकुमार पांडे 58 आरपीएफ में दरोगा है। इनदिनों उनकी पोस्टिंग सूबेदारगंज में है। वह सुबह अपने घर से बाइक लेकर ड्यूटी जाने के लिए निकले थे। झूंसी में छतनाग रोड के सामने एक आल्टो कार ने दरोगा को टक्कर मार दिया जिससे दरोगा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर भीड़ इकट्ठा होती देख चालक कार छोड़ फरार हो गया। सूचना पर पुलिस व घायल दरोगा के परिजन भी मौके पर पहुच गए। जिसके बाद घायल को निजी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों की माने तो दरोगा के पैर में कई फैक्चर व सर में गंभीर चोट है।

हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय में निकाली गई जागरूकता रैली

नैनी। नैनी हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम व द्वितीय के सामूहिक तत्वधान में बुधवार को महा विद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश के संरक्षण व एनएसएस प्रभारी डॉ सुरेश पटेल और डॉ रफत अनीस के मार्गदर्शन में एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकली गईं। छात्रों ने राष्ट्र का जो उत्थान करें उन्हीं को मतदान, लोकतंत्र का सम्मान करेंगे निर्भय होकर मतदान करेंगे, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे नारों के साथ लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश ने झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया व रैली के साथ भ्रमण किया। स्वयं सेवकों के द्वारा जगह जगह पर लोगों को मतदान की भूमिका के महत्व को समझाया। इस रैली में महाविद्यालय के प्राधापक प्रो. सुवर्णा सरकार, प्रो मजु लता, प्रो. नीतू सिंह, डॉ होसिता गुप्ता, डॉ. मंजरी मिश्रा, प्रो ए. के. झा, डॉ अवधेश कुमार, डॉ हरीश कुमार, डॉ. संदीप कुमार, डॉ आसित जायसवाल, डॉ. हेमलता, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव व अन्य प्राध्यापक तथा कर्मचारीगण ने रैली में प्रतिभाग कर स्वयंसेवियो का उत्साहवर्धन किया और स्वयंसेवियो को स्वयं भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया। अंत में समस्त प्राध्यापको स्वयंसेवियों ने मतदान करने की शपथ ली।

न्यूज झरोखा

नैनी की वैष्णवी व सनीय ने 67वीं राष्ट्रीय विद्यालय बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्राप्त किया कांस्य पदक

नैनी। नैनी 16 जनवरी से 21 तक मध्य प्रदेश के सुजानपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूली हैंडबॉल यू-17 बालिका प्रतियोगिता हेतु नैनी प्रयागराज हैंडबॉल संघ से सानिया शर्मा एवं वैष्णवी दीक्षित ने बेहतरीन प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद को अखिल भारतीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक प्राप्त किया है उक्त सूचना प्रदेश सचिव परविंदर सिंह ने जिला हैंडबॉल संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित को दिया उक्त प्रतियोगिता हेतु टीम आज वैष्णवी वसनीय को सम्मानित किया जाएगा जहां वैष्णवी डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी इंटर कॉलेज नैनी व सानिया मां शारदा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नैनी की छात्रा हैं तथा वैष्णवी एवं सानिया के चयन पर प्रयागराज हैंडबॉल संघ के पदाधिकारी डीके मिश्रा रविंद्र मिश्रा रंजना सिंह मंडली हैंडबॉल प्रशिक्षक गोविंद कुमार निषाद क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह उप क्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद जिला खेल कार्यालय मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज व जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद प्रयागराज प्रधानाचार्य दन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना खेल सचिव श्रृंगी ऋषि इंटर कॉलेज घाटवा प्रधानाचार्य अग्लो बंगाली इंटर कॉलेज प्रयागराज प्रधानाचार्य क्रॉस वेट गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रयागराज प्रधानाचार्य डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी इंटर कॉलेज नैनी व प्रधानाचार्य मां शारदा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नैनी ने हार्दिक बधाई दी तथा संबंधित समस्त अधिकारियों ने जिला हैंडबॉल सब प्रयागराज में हैंडबॉल खेल का विस्तार एवं खिलाड़ियों को आश्वासन दिया।

नैनी स्टेशन रोड पर फिर चला पीडीए का बुल्डोजर

नैनी। नैनी स्टेशन रोड पर लेप्रोसी चौराहे से मेवालाल की बगिया तक महाकुंभ के लिए प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के लिए बुधवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारियो ने व्यापक अभियान चलाया। पीडीए के जोनल अधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में भवन निरीक्षक कुवंर आंनद, राकेश शर्मा व टीम ने बुधवार सुबह से ही कार्रवाई शुरू कर दी। नैनी स्टेशन रोड पर मस्जिद के पास कुछ दुकान मकान पर कार्रवाई करने के बाद हनुमान नगर पर नाला खुदाई हुई। उसके बाद मेवा लाल की बगिया से हनुमान नगर तार घर तक दोनों पट्टी पर नाली के लिए खुदाई की गई। इस दौरान मेवलाल बगिया से स्टेशन रोड पर घंटे जाम की स्थिति बनी रही। कार्रवाई के दौरान नैनी पुलिस एवं पीएसीबल मौजूद।

उत्कर्ष बने स्टेट लॉ ऑफिसर, दी बधाई

झूंसी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा का रिजल्ट मंगलवार को घोषित किया गया। जिसमें झूंसी के उत्कर्ष द्विवेदी का स्टेट लॉ ऑफिसर के पद पर चयन हुआ। चयन होने पर लोगो ने उत्कर्ष को बधाई दी। फूलपुर चांदो पारा के रहने वाले उत्कर्ष द्विवेदी के पिता कमलाकर द्विवेदी इलाहाबाद उच्च न्यायालय सयुक्त निबंधक/ न्याय पीठ सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उत्कर्ष द्विवेदी का 2014 में आरपीएफ में एसआई में चयन हुआ था। 2022 में उत्कर्ष का चयन पीसीएस(प्रबंधक राज्य संपत्ति) के पद पर भी हुआ था नौकरी मिलने के बाद भी उत्कर्ष ने सपनों का पीछा नहीं छोड़ा और लगातार सिविल सर्विसेज की तैयारी में लगे रहे और अब राज्य प्रशासनिक सेवा 2022 (पीसीएस) की परीक्षा में बतौर प्रबंधक, राज्य संपत्ति में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उत्कर्ष का सपना आईएएस अधिकारी बनने का है। उनके चयन होने पर सूरज द्विवेदी, अभय त्रिपाठी, अनिल शुक्ला, रितेश द्विवेदी, आशुतोष पाण्डेय, सिद्धार्थ, सोनल, कमलेश आदि ने बधाई दी।

माघी पूर्णिमा स्नान को लेकर एसपीओ टीम ने की बैठक

नैनी। नैनी बुधवार को एसपीओ टीम की विशेष बैठक नैनी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रांगण में बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह, उप प्रभारी परवेज अहमद, जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, सहायक थाना प्रभारी मनीष विश्वकर्मा, नैनी थाना प्रभारी निरीक्षक के साथ संपन्न हुई। एसपीओ टीम की तरफ से प्रभारी निरीक्षक नैनी का स्वागत हनुमान चालीसा चिन्ह साथ अंग वस्त्र मनीष विश्वकर्मा एवं एसपीओ टीम प्रभारी अभय राज सिंह के द्वारा भेंट किया गया साथ ही एसपीओ टीम में मनीष विश्वकर्मा को सम्मालित होने पर इंस्पेक्टर नैनी ने बधाई दिया और मुख्य रूप से माघी पूर्णिमा स्नान पर्व के संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक ने ड्यूटी स्थल के बारे में जानकारी दिया एवं एसपीओ टीम की लिस्ट मांगी जिससे कल की ड्यूटी लगाई जा सके एसपीओ टीम प्रभारी ने भी पूरा भरोसा दिलाया कि ड्यूटी में पूरी टीम सेवा में उपस्थित रहेगी।

अज्ञात युवक का शव मिला

नैनी। नैनी कोतवाली क्षेत्र के कनैला गांव के समीप एक प्लाट पर एक लगभग 45 वर्षीय युवक का शव बुधवार को मिलने से हड़कंप मच गया। जिससे लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर अज्ञात में पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। पुलिस के मुताबिक मृतक युवक की पैंट की जेब से कानपुर की टिकट मिला है और शरीर पर पैंट के अलावा एक साल पहना हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत ठंड लगने की वजह से हुई है। हालांकि युवक की मौत कैसे हुई है। यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर : सांसद

- जिले में उत्तर प्रदेश दिवस समारोह का हुआ शुभारंभ
- प्रदर्शनी का जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व जनसामान्य ने किया अवलोकन

अखंड भारत संदेश

हादीहाल में आयोजित प्रदर्शनी में मौजूद जनप्रतिनिधिगण व प्रतिभागी बच्चे

प्रतापगढ़। जिले के तुलसी सदन (हादीहाल) में उत्तर प्रदेश दिवस-2024 समारोह का भव्य तरीके से शुभारम्भ किया गया जिसमें सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा व अन्य अधिकारी शामिल हुए।

उत्तर प्रदेश दिवस का शुभारम्भ सांसद संगम लाल गुप्ता ने फीता काटकर, दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर अवसर पर सांसद, विधायक, जिलाधिकारी सहित अन्य अतिथियों ने तुलसीसदन परिसर में विभिन्न विभागों जिला उद्योग, खादी ग्रामोद्योग, मनरेगा, आजीविका मिशन, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, महिला कल्याण, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, पंचायती राज विभाग, मत्स्य पालन विभाग, बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, सहकारिता विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, नगर विकास, बाल विकास, सूचना विभाग एवं पुष्टाहार विभाग सहित अन्य विभागों के स्टाल का अवलोकन कर प्रशंसा व्यक्त की एवं सम्बन्धित से जानकारी भी प्राप्त की। यूपी दिवस के अवसर पर राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं ने लोकगीत एवं सरस्वती वन्दना की मनमोहक प्रस्तुति की जिसका वहां पर उपस्थित अतिथियों ने काफी सराहना की। इसी तरह किंग अमितेश डान्स एकेडमी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व डा0 शिशिर खरे व डा0 बच्चा बाबू वर्मा के नेतृत्व में बच्चों ने भजन, गजन, लोकगीत और तबलावादन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक विशाल सबसे बड़ा प्रदेश है जिसमें 25 करोड़ की जनता निवास करती है। उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है और उसी के क्रम में हमारा प्रतापगढ़ भी बदल रहा है। विधायक सदर ने कहा कि उत्तर प्रदेश का चहुमुखी विकास हो रहा है, देश और प्रदेश बदल रहा है और यह संकल्प ले कि उत्तर प्रदेश को एक विकसित प्रदेश बनाएंगे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने भी यूपी दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में कृषि विभाग एवं श्रम विभाग के लाभार्थियों का प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। तुलसीसदन परिसर में लगायी गयी विभिन्न विभागो की प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में लोगों ने अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, परियोजना निदेशक डीआरडीए डा0 आर0सी0 शर्मा, उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह, डिप्टी कलेक्टर जितेन्द्र पाल, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित पार्टी के पदाधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर मोहम्मद अनीस ने किया।

कटरा गुलाब सिंह स्कूल की शैक्षिक गतिविधियां उत्कृष्ट : डीएम

प्रतापगढ़। तुलसी सदन (हादीहाल) में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस भव्य तरीके से मनाया गया। इस दौरान जनपद स्तरीय विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी लगाई गई, उसी में बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के बच्चों ने अपने विद्यालय का मॉडल स्मार्ट स्कूल का जीवंत प्रस्तुतिकरण किया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने अपने वक्तव्य में कहा कि सरकारी विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के बच्चों ने जिस प्रकार से प्रस्तुतीकरण किया, ऐसे बच्चे कान्वेंट में भी नहीं मिलते। सभी सरकारी विद्यालय ऐसे होने चाहिए। स्मार्ट क्लास, सुव्यवस्थित कक्षाएं आदि है। सांसद संगम लाल गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि कटरा गुलाब सिंह मैं कई बार जा चुका हूं वह विद्यालय दिन दूनी रात चैगुनी कर रहा है। यह विद्यालय अपनी ऊंचाइयों को छू रहा है। वहां का बच्चा अभी सरकारी विद्यालय का बच्चा धारा प्रवाह अंग्रेजी बोलकर जिस प्रकार से प्रस्तुतिकरण किया वह काबिले तारीफ है। यह सरकारी विद्यालय अपने आप में एक उदाहरण है।

न्यूज झरोखा

बुजुर्ग को पिटाई होने के बाद भी नहीं हो रही कार्यवाही

प्रतापगढ़। देश के मान सम्मान और सुरक्षा में जुटे फौजी के 80 वर्षीय बुजुर्ग माता-पिता को पड़ोसियों ने घसीट घसीट कर मारा। शिकायत के एक सप्ताह बाद भी पुलिस ने नहीं किया कार्यवाही पीड़ित बृद्ध दम्पति थाने का चक्कर लगा रहे हैं। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोड़री गांव निवासी सालिकराम यादव की पत्नी धर्मू देवी (80) वर्ष को 18 जनवरी की सुबह दस बजे दबंग पड़ोसियों ने पुराने विवाद के चलते गाली गलौज देने लगे जिस पर बरामदे में आग ताप रही बृद्धा धर्मू देवी तथा सालिकराम ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे घर में घुसकर बाल पकड़ कर घसीटते हुए बाहर लाकर जमकर पीटा। घटना के बाद पीड़ित बृद्ध दम्पति संग्रामगढ़ थाने पहुंचे पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने घटना की जांच के लिए हल्का दीवान को मौके पर भेजा जांच के दौरान घटना की पुष्टि हुई लेकिन पुलिस ने बृद्धा का बगैर मेडिकल कराए ही वापस भेज दिया। मारपीट की घटना में घायल बृद्ध दम्पति का एकलौता बेटा निशांत यादव फौज में सेवारत होने के चलते बाहर है। उन्होंने एसपी से गुहार लगाई है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, कोहराम

लालगंज, प्रतापगढ़। बाइक से दामाद के साथ रायबरेली जा रही महिला रास्ते में ट्रक की चपेट मे आने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। अस्पताल में चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। उदयपुर थाना अन्तर्गत दलापटटी गांव की पचपन वर्षीया गोमती देवी पत्नी चंद्रभूषण सरोज बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अपने दामाद नसीराबाद निवासी सोनू के साथ बाइक से इलाज कराने रायबरेली जिले के जगतपुर जा रही थी। जगन तिवारी का पुरवा गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी सांगीपुर भेजवाया। यहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने घायल महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे घायल को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया। इधर घटना के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। मौत की जानकारी होते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। मृतका का पति अम्बाला में मजदूरी करता है। सूचना पर वह गांव आ रहा है। मृतका के सात बच्चे हैं। जिसमें एक बेटी का विवाह हो चुका है। वहीं पुत्र आकाश, विशाल, विकास व पुत्रियां विशाखा, प्रियंका व प्रीती अविवाहित हैं। एसओ राधे बाबू का कहना है कि शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

जरूरतमंदों को मिला कम्बल, राहत

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय लालगंज ब्लाक के बेलहा गांव में बुधवार को ठण्ड से बचाव के लिए सैकडो जरूरतमंद कम्बल पाकर राहत मे दिखे। सेवा प्रथम फाउण्डेशन के तत्वाधान में बेलहा एवं आसपास के पुरवों तथा गांवों के सैकड़ो जरूरतमंदों को कम्बल वितरित हुआ। फाउण्डेशन के संस्थापक इं. अतुल शुक्ल ने कहा कि समाज के वंचित व असहाय लोगों की सहायता करना ही सच्ची सेवा है। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी और विधायक आराधना मिश्रा मोना की भी इस प्रकार के सामाजिक सेवा के आयोजनों को लेकर मिलने वाली प्रेरणा को भी वक्ताओं ने सराहा। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने भी वंचितों तथा कमजोर तबके की मदद में युवाओं से रचनात्मक योगदान जारी रखने का आहवान किया। समारोह का संचालन रामपुर खास विधानसभा इकाई के यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अभिनव शुक्ल व अवशेष शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान विजय प्रताप सिंह, राजू सिंह, कमलेश शुक्ल, संतोष शुक्ल, सुनील मिश्र, राकेश शुक्ल, धर्मेन्द्र सिंह, अधिवक्ता आलोक शुक्ला, शिवकुमार गुप्ता, संदीप पटेल, अवनीश सिंह, प्रीतेन्द्र ओझा, विद्याधर शुक्ल, अमित शुक्ल आदि रहे। आभार प्रदर्शन फाउण्डेशन के संरक्षक पं. कृष्ण दत्त शुक्ल ने किया।

100वीं जयंती पर याद किये गये कर्पूरी ठाकुर

अखंड भारत संदेश

कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी कार्यालय में समाजवादी पार्टी के प्रख्यात समाजवादी नेता कपूर्री ठाकुर के 100वें जन्म पर उनके फोटो पर माल्यार्पण किया गया तथा उनको याद किया गया। अध्यक्षता आशुतोष पांडे व संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया।

इस मौके पर पूर्व एमएलसी एसपी पटेल ने कहा कि कपूर्री ठाकुर सीएम बनने के बाद उन्होंने सरकारी नौकरियों में पिछड़ों को आरक्षण दिया था। पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह यादव ने कहा कि वह बेलौस नेता थे। कोई भी हो खरी-खरी सुना देते थे। राजनीति में सक्रिय लोग उनसे मिलने को लालायित रहते। आज लोग दिखावे के प्रचलन में ज्यादा व्यस्त हो गए हैं जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था दयनीय हो गई है। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष भैया राम पटेल, अश्वनी सोनी, अहमद अली, अनिल यादव, रितेश यादव, गुलफाम खान, लाल साहब, केशव प्रसाद यादव, सुरेश चंद्र जायसवाल, सूर्य बहादुर यादव, जय नारायण यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय सिंह, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, राजू सिंह, जावेद खान, जियांश वर्मा, जगदीश मौर्य, डॉक्टर राम बहादुर पटेल, आर के भीम, मोहम्मद असलम, अब्दुल खालिक, मोहम्मद रईस, सचिन, हरि शुक्ला, महेश यादव, मुन्ना सिंह यादव, जावेद खान, प्रेम पटेल, सफात खान, संदीप यादव आदि लोग मौजूद रहे।

पीजी कालेज कालाकांकर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

- राजभवन मैनेजर व कालेज प्राचार्य ने किया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

विजेता खिलाड़ियों को मैडल से सम्मानित करते कालेज के प्राचार्य प्रो शिवम

परियावां, प्रतापगढ़। मदन मोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ राजभवन कालाकांकर के मैनेजर डा घनश्याम यादव व कालेज के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव ने फीता काटकर सरस्वती वंदना के साथ शुभारम्भ किया गया।

दो दिवसीय 24 व 25 जनवरी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में 32 प्रतियोगिता संचालित होगी। अपने सम्बोधन मे डा घनश्याम ने प्रतियोगियो को पूरे मनोयोग से प्रतिभास करने के लिए प्रोत्साहित किया कालेज प्राचार्य डा शिवम श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को मैदान मे खुलकर खेल कूद मे भाग लेना चाहिए खेलकूद को लक्ष्य मान कर खेले तभी सफलता मिलती है खेलकूद मे हार जीत कोई मायना नही रखता यदि सफलता नही मिलती तो निराश नही होना चाहिए अगले प्रतियोगिता मे भाग लेकर खुलकर खेल खेले ऊँची कूद मे अनुज व लम्बी कूद मे देवेंद्र यादव प्रथम स्थान पर रहे लम्बी कूद मे मोनिका प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रो सूर्यभान सिंह, प्रो प्रदीप सिंह, प्रो उग्रसेन सिंह, प्रो रामकरन यादव, प्रो विनीता सिंह, प्रो रेखा सिंह, प्रो प्रीती सिंह डा श्रष्टी कुशवाहा, सर्वेश सिंह, भूपेश सिंह, डा डी सी आनंद, मीना, आशुलता, निहारिका सहित छात्र छात्राएं मौजूद रही।

विद्यार्थियों को मतदाता बनने के लिए किया प्रेरित

- 245 विद्यार्थियों ने भरा नए मतदाता बनने का फार्म

अखंड भारत संदेश

मतदाता पंजीकरण कैंप में मौजूद प्राचार्य

प्रतापगढ़। प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिटी में मतदान में प्रतिभाग करने के लिए मतदाता पंजीकरण विशेष कैंप में बुधवार को छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव ने लोकत्रांतिक प्रक्रिया में मतदाता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को प्रेरित किया, जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है और अब तक मतदाता सूची मे उनका नाम दर्ज नहीं है।

प्रो0 उपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमें इस बात पर गर्व होना चाहिए कि हम विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के नागरिक हैं और एक मतदाता के रूप में हमारी अहम भूमिका है। डा.केके सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए फरवरी माह में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डा. नीरज कुमार त्रिपाठी, डा. कुलदीप सिंह, डा.अजय कुमार सिंह,प्रणव ओझा के संयोजन में विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए कैंप लगाया। छात्रा श्रुति सिंह,रिया विश्वकर्मा, श्वेता निर्मल, अदृश्या सिंह ने नव मतदाता का पंजीकरण किया। कुल 245 विद्यार्थियों ने नए मतदाता बनने का फार्म भरा। कार्यक्रम का संचालन डा0 शिव प्रताप सिंह ने किया। डीएलएड प्रशिक्षुओं ने भी विभागाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह के निर्देशन में घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया। डा.राजीव कुमार सिंह, डा.सीपी पांडेय, डा. भूपाल सिंह, डा.पवन कुमार सिंह, डा.देवेश सिंह, डा. प्रीति श्रीवास्तव, रेनू सिंह, सूरज पाल, रवि प्रकाश सिंह, प्रमोद मौर्य आदि मौजूद रहे।

पुलिस कर्मियों ने मतदाता दिवस की शपथ ली

प्रतापगढ़। 24 जनवरी को राजकीय रेलवे पुलिस मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन प्रतापगढ़ थाने पर पुलिस कर्मियों ने मतदाता दिवस की शपथ ली। शपथ एसओ देवेंद्र सिंह ने दिलाई। इस दौरान एसओ देवेन्द्र सिंह ने मतदाता दिवस के बारे में पुलिस कर्मियों को जानकारी दी। उन्होंने सभी से मतदान दिवस के दिन मतदान करने की भी अपील की।

यूपीएससी के घोषित परिणाम में पूरेईश्वर नाथ की महिमा ने अर्जित की सफलता

- परिवारीजनों व क्षेत्र में हर्ष का माहौल, बधाई देने वालों का लगा तांता

अखंड भारत संदेश

महिमा मिश्रा को बुके देकर बधाई देते नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (पीसीएस) 2023 का मंगलवार को अंतिम परिणाम देर शाम घोषित हुआ है। सदर के पूरे ईश्वरनाथ की महिमा मिश्रा ने सब रजिस्ट्रार के पद पर सफलता अर्जित कर क्षेत्र व जिले का गौरव बढ़ाया है। बेटी की सफलता पर परिवार जनों में जहां हर्ष का माहौल है वहीं बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

बता दें कि महिमा के पिता सूर्य नारायण मिश्र जो आर्मी सेना से सेवानिवृत्त हो चुके हैं और मां सीमा मिश्रा गृहणी है। महिमा इंटरमीडिएट तक पढ़ाई अपने जिले बेल्हा में करने के बाद प्रयागराज चली गई जहां से स्नातक व विधि की डिग्री हासिल करने के बाद यूपीपीसीएस की तैयारी करना शुरू किया। प्रथम प्रयास में सफलता न मिलने से महिमा ने हार नहीं मानी अपने संघर्ष को जारी रखा और दूसरे प्रयास में उक्त सफलता हासिल कर गौरव बढ़ाया है। महिमा तीन बहन और एक भाई है। बड़ी बहन साक्षी मिश्रा भी जहां प्रयागराज में रह कर तैयारी में कर रही है, वहीं दूसरी बहन चारु व छोटा भाई सिद्धार्थ उच्च शिक्षा हासिल कर रहे हैं। महिमा के इस सफलता पर परिवार के लोगों के साथ ही इलाके में खुशी का माहौल है। वहीं जानकारी होने पर नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह पूरे ईश्वरनाथ पहुंच कर परिवारी जनो से मुलाकात करते हुए बेटी के सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए बेटी को पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्रम भेंट कर बधाई दी। जानकारी पर अपना दल एस विधि प्रकोष्ठ के प्रांतीय महासचिव परमानंद मिश्र व सभासद सुनील दुबे सहित क्षेत्र के अन्य लोगों ने जहां पहुंचकर बेटी का मुंह मीठा करा खुशी जताते हुए बधाई दी। वहीं सदर के पूर्व विधायक अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल, समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य, जूबाए पूर्व अध्यक्ष विजय शंकर त्रिपाठी ने भी फोन कर बेटी के सफलता पर शुभकामनाएं दी हैं। इस दौरान सगरा सभासद विनोद, विनोद शास्त्री एडवोकेट, हाजी, पिंटू, सभासद सुनील दुबे सहित आदि मौजूद रहे। महिमा मिश्रा ने अपने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजन को देते हुए कहा कि अभी लक्ष्य बाकी प्रयास जारी रहेगा।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

लालगंज प्रतापगढ़। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बुधवार को लालगंज के पूरे तिलकराम गांव में पेंटिग प्रतियोगिता एवं सैनेट्री पैड का वितरण किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में आर्थिक अनुसंधान केंद्र के सहयोग से राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को श्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओश की थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता स्थानीय विद्यालय और गांव की छात्राओं ने भाग लिया। बाद में गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। तहसील लालगंज के पूरे तिलकराम गांव के ताजपुर में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस धूमधाम से मनाया गया। कमेटी मोबिलाइजर कामना तिवारी ने बताया कि पेंटिंग प्रतियोगिता कराने का मुख्य उद्देश्य बच्चियां अपने भाव को व्यक्त कर सके एवं आर्थिक, समाजिक एवं शैक्षणिक रूप से विकसित हो सके। बच्चियों के विकास से समाज सशक्त होगा। प्रतियोगिता में बालिकाओं ने सोच की क्षमता व कला का प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य कर्मी आशा, उषा देवी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का महत्व बताया। इस दौरान बेटियों ने मेरी बेटी मेरा स्वाभिमान के अंतर्गत माता-पिता के साथ सेल्फी भी ली और चित्रकला के माध्यम से समाज को बेटी है अनमोल का संदेश भी दिया। इस मौके पर अंशिका वर्मा, अंजू यादव, कविता वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुदामा, मोहिनी, अंशिका, शिवानी वर्मा, अंतिमा वर्मा, रीना वर्मा, रीतू वर्मा, चांदनी वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली के मोठिन गांव निवासी स्वर्गीय बनवारी सरोज का पुत्र विकास सरोज 17 बीती सोलह जनवरी को बाइक की टक्कर से दुर्घटना में घायल हो गया था। मृतक विकास सरोज अपने घर मोठिन बाइक से लौट रहा था कि अचानक सामने से एक बाइक से उसकी बाइक की भिड़न्त हो गयी। दुर्घटना में विकास को गंभीर चोटे आ गयी थी। घायलावस्था में उसे इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज लाया गया था। यहां से गंभीर अवस्था में चिकित्सकों ने विकास को स्वरूप रानी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया था। वहां मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान विकास की मंगलवार की देर रात मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तो परिजनों मे कोहराम मच गया।

प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने पर हनुमान भक्तों ने चढ़ाया 151 किलो लड्डू का प्रसाद

- हनुमान मंदिर चिलबिला समिति ने जताया आभार

अखंड भारत संदेश

हनुमान मंदिर पर पूजन अर्चन करते श्रद्धालु

प्रतापगढ़। श्री प्राचीन हनुमान मंदिर चिलबिला में अयोध्या में भगवान श्री राम लला सरकार की दिव्य प्राण प्रतिष्ठा का सकुशल संपन्न होने पर श्री हनुमान मंदिर चिलबिला में सभी राम भक्तों के द्वारा सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया। उसके बाद सभी हनुमान भक्तों के सहयोग से 151 किलो बूंदी मेवा का लड्डू श्री हनुमान जी महाराज को चढ़ाया गया। तत्पश्चात सभी भक्तों ने हनुमान जी महाराज, प्रभु श्री राम, माता जी, भोलेनाथ भगवान की आरती उतार कर इतने बड़े उत्सव को श्री हनुमान जी महाराज के आयोजन में संपन्न होने पर सभी भक्तों ने हनुमान जी महाराज का जयकारा लगा कर बधाई दी।

मंदिर के महासचिव रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्राचीन हनुमान मंदिर चिलबिला में प्रभु श्री राम के परम भक्त हनुमान जी महाराज ने रामोत्सव मनाने के लिए कई आयोजन रखे थे। सभी कार्यक्रम के मुख्य आयोजक श्री हनुमान जी महाराज थे। जिनकी कृपा से भक्तों ने जैसा-जैसा श्री हनुमान जी महाराज की प्रेरणा मिलती गई सभी कार्यक्रम भव्य होते गए। 21 जनवरी से सीताराम संगकीर्तन पाठ से शुभारंभ हुआ। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन भक्तों का जन सैलाब मंदिर पर उमड पड़ा जहां भक्तों ने लाइव प्रसारण देखा। वहीं 56 प्रकार का भोग लगाकर भक्तों ने प्रभु का रामोत्सव मनाया। शाम को 11000 दीपों से तालाब व मंदिर परिसर को प्रकाशमय कर काशी से पधारे पुरोहितों ने महा आरती की और आतिशबाजी एवं प्रसाद वितरण पूरे दिन भक्तों के सहयोग से चलता रहा। आज सभी भक्तों के सहयोग से 151 किलो लड्डू से 1100 पैकेट तैयार कर चिलबिला में वितरण शुरू किया गया। सभी कार्य सफल संपन्न होने पर सभी राम भक्तों ने पुलिस प्रशासन का व मीडिया परिवार का बहुत-बहुत मंदिर समिति आभारी है। कार्यक्रम के प्रभारी सुरेश अग्रवाल ने सभी हनुमान भक्तों का आभार जताया। सह प्रभारी सूरज उमरवैश्य ने कहा कि प्रभु ने हमें मौका दिया था मेरा जीवन भी धन्य हो गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष रामगोपाल उमरवैश्य, कपिल देव, शंकर लाल, सुरेश अग्रवाल, बजरंगलाल, राकेश कुमार, श्याम बाबू, विजय कुमार, त्रिभुवन लाल, सूरज उमरवैश्य,विवेक यादव, लाल जी, ऋषभ उमरवैश्य, प्रमोद कुमार, आदर्श कुमार, भरत लाल, आशीष कुमार, संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, परमानंद मिश्रा, शिवेश शुक्ला, सूरज कुमार उमरवैश्य (आरा मशीन), छोटेलाल सोनी, सुरेश कुमार, दिनेश कुमार, सोनू महाराज, शनि महाराज, राजकुमार, प्रमोद कुमार, अमन गुप्ता, अमित कुमार, हरिकृष्ण मोहन, आशीष लाइट आदि सैकड़ो की संख्या में हनुमान भक्त उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं उ.प्र. दिवस की डीएम ने दिलायी शपथ

आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ तथा जिलाधिकारी ने नये मतदाताओं को मतदाता पहचान प्रमाण-पत्र किया वितरित

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार तथा एक जनपद-एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना के लाभार्थियों को डमी चेक किया वितरित

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं उ0प्र0 दिवस के अवसर पर उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ तथा मतदाता शपथ-हम, भारत के नागरिक, लोकतन्त्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे दिलायी। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी को उ0प्र0 दिवस की बधाई देते हुए कहा कि 24 जनवरी 1950 को प्रदेश का नाम संयुक्त प्रान्त से बदलकर उ0प्र0 रखा गया था। प्रदेश सरकार ने मई 2017 में हर वर्ष 24 जनवरी को उ0प्र0 दिवस मनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई थी, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि जनपद की अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सुनीता को मतदाता जागरूकता का यूथ आईकन बनाया गया है। जो युवा 01-01-2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करायें तथा आस-पास के लोगो को भी जागरूक करें एवं आगामी चुनाव में मतदान अवश्य करें। जिलाधिकारी ने नये मतदाताओं-आमिल खॉन एवं आदित्य केसरवानी को मतदाता पहचान प्रमाण-पत्र वितरित किया तथा उ0प्र0 दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न विद्यालयों में आयोजित वाद-विवाद निबन्ध प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों-मंजू देवी, नितिन सिंह, इशिता केसरवानी, नीशू त्रिपाठी, सानियां बानों, आदर्श सिंह, प्रियांशी मिश्रा, शिवा कुमार, कौशल, सुनयना देवी, अश्वनी सिंह, सनी कुमार, भूपेन्द्र कुमार, नन्दनी विश्वकर्मा, सिया देवी, अनन्या मिश्रा, कनिष्का केसरवानी एवं खुशी को प्रमाण-पत्र वितरित दिया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने के लिए खण्ड विकास अधिकारी सिराथू भावेश शुक्ला, एडीओ (आईएसबी) सतीश कुमार पाण्डेय, जिला मिशन प्रबन्धक एनआरएलएम दिव्यांशु, एपीओ जितेन्द्र, ग्राम रोजगार सेवक जयलाल व बलवन्ता, बैंक सखी सीमा देवी एवं समूह सखी रीता देवी को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने उ0प्र0 दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गई विभागीय योजनाओं की स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जन-जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार ने आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर से मतदाता जन-जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से मंझनपुर चौराहा होते हुए डायट मैदान तक निकाली गई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम है। शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा डायट मैदान में भारत का मानचित्र बनाकर आमजन को आगामी निर्वाचन में मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ-हम, भारत के नागरिक, लोकतन्त्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे दिलायी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड, एसडीएम मंझनपुर आकाश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक एसएन यादव एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेश कुमार कुशवाहा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

जन-जागरूकता रैली को डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

राष्ट्रीय बालिका दिवस

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा आज राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जन-जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से पीएचसी मंझनपुर तक निकाली गई। राष्ट्रीय बालिका दिवस की थीम डिजिटल जनरेशन, अवर जनरेशनह्व है। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

डीएम ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

संयुक्त जिला चिकित्सालय में अन्य जनपदों की कुल 419 गर्भवती महिलाओं के हुए प्रसव, जिला अस्पताल में मरीजों को मिल रहीं बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गई बैठक में जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता श्री आकाश दीप ने बताया गया कि संयुक्त जिला चिकित्सालय, कौशाम्बी में अन्य जनपदों की कुल 419 गर्भवती महिलाओं के प्रसव हुए है, जिसमें जनपद फतेहपुर की 238, जनपद चित्रकूट की 106, जनपद प्रयागराज की 47 तथा अन्य जनपदों के 28 सम्मिलित हैं, इससे स्पष्ट है कि जिला अस्पताल कौशाम्बी में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध करायी जा रहीं हैं। जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 98 प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान किया जा चुका है, जिस पर जिलाधिकारी ने शेष लाभार्थियों का भी भुगतान शीघ्र कराने के निर्देश दियें। उन्होंने संस्थागत प्रसव में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर संस्थागत प्रसव में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि अगर किसी आशा द्वारा निजी अस्पताल लेकर जाकर प्रसव कराया जा रहा है तो ऐसी आशाओं को चिहिन्त कर उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से जिला अस्पताल के लिए रेफर मरीज, जिला अस्पताल पहुँचें या नहीं इस पर विशेष ध्यान दिया जाय। जिलाधिकारी ने ह्वजिला अस्पताल के 13 नम्बर कक्ष में मरीज से अवैध वसूलीह्व विषयक सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो का संज्ञान लेते हुए सीएमएस को जॉच करने तथा दोषी पाये जाने पर सम्बन्धित कर्मी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्हांने जननी सुरक्षा योजना के तहत आशाओं का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें हैं। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिये जा रहें भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय, भोजन की गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर सम्बन्धित स्वयं सहायता समूह के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने रोगी कल्याण समिति की समीक्षा बैठक नियमित रूप से कराने तथा अभियान चलाकर ई-कवच पर शत-प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दियें। उन्हांने पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत नियमित रूप से अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों की विधिवत जॉच करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने नियमित टीकाकरण की विस्तृत समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर प्रगति लाने के निर्देश दियें। बैठक में बताया गया कि वीएचएसएनडी सेशन पर ऑगनबाड़ी कार्यकत्री वजन मशीन सहित अन्य आवश्यक उपकरण लेकर नहीं जा रहीं है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि वे सुनिश्चित करें कि सभी ऑगनबाड़ी कार्यकत्री वीएचएसएनडी सेशन पर आवश्यक उपकरण लेकर अवश्य जायें
बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत माह दिसम्बर में कुल 3823 गर्भवती महिलाओं की जॉच की गई, जिसमें 269 अति जोखिमग्रस्त गर्भवती महिलाओं का भी उपचार किया गया। बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत दिसम्बर माह तक कुल 5 लाख 492 गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें हैं, जिस पर जिलाधिकरी ने जिलापूर्ति अधिकारी एवं जिला पंचायतराज अधिकारी से समन्वय कर गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, मातृ-मृत्यु सूचना एंव आडिट, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम एवं क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम आदि की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, सीएमएस सुनील शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

फुल्की का ठेला लगाने वाले अधेड़ की ठंड से मौत

कौशाम्बी जिले में ठंड का सितम जारी है,ठंड के चलते जहा एक ओर लोग अपने घरों के अंदर रहने को मजबूर है वही दूसरी ओर गरीब परिवार को कमाई के लिए भी ठंड में जूझना पड़ता है,एक फुल्की का ठेला लगाने वाले अधेड़ की मंगलवार शाम ठंड से तबियत बिगड़ गयी घर पहुंचा और सो गया,लेकिन वह नही उठा,जिससे उसकी मौत हो गई,अधेड़ की मौत से उसकी पत्नी का बुरा हाल है। नगर पालिका परिषद भरवारी के मूरतगंज कस्बे का ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र लक्ष्मी नारायण उम्र लगभग 58 वर्ष कस्बे में ही फुल्की का ठेला लगाता था,घर पर उसकी पत्नी ही मात्र रहती थी,मंगलवार की शाम को वह ठेला लगाया हुआ था तभी उसे ठंड लग गई,तबियत बिगड़ते देख वह घर चला गया और सो गया,रात में ही उसकी मौत हो गई,सुबह पत्नी ने उसे जगाना चाहा लेकिन वह नही उठा,यह देख कोहराम मच गया।

ठंड के चलते बंद कमरे में जला ली अंगीठी,आक्सीजन कम होने से पति-पत्नी व मां बेहोश,पत्नी की मौत

कौशाम्बी। जिले में ठंड के चलते बंद कमरे में परिवार अंगीठी जलाकर सोया,आक्सीजन कम होने से पति,पत्नी,मां बेहोश मिले,जिला अस्पताल ले जाने पर इलाज के दौरान गर्भवती पत्नी की मौत हो गई,जबकि दो लोगो की हालत नाजुक हो गई,महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मामला कोखराज थाना क्षेत्र के बम्हरौली गांव का है जहा कमरे के अंदर पति, पत्नी और मां बेहोश हालत में मिलने से सनसनी फैल गई। आनन फानन में तीनों को जिला अस्पताल भेजा गया जहां पर पत्नी की मौत हो गई। बम्हरौली गांव के संजय कुमार 24 साल पुत्र कुल्ली घर में ही परचून की दुकान चलाता है, वही घर पर पत्नी नीतू देवी और मां कमला देवी व पिता कुल्ली के साथ रहता है। बुधवार की सुबह ग्रामीण रवींद्र कुछ सामान लेने के लिए दुकान पर गया। दुकान बंद होने पर वह कमरे की तरफ चला गया। कमरे का दरवाजा जैसे ही खोलकर आवाज दिया। कोई उत्तर न मिलने पर वह अन्य पड़ोसियों को बुलाया। जब तीनों से जगाने पर कोई हलचल नहीं हुई तो ग्रामीणों ने निजी वाहन से तीनों को इलाज के लिये जिला अस्पताल ले गए। जहां पर पत्नी की मौत हो गई वहीं मां और बेटा का इलाज चल रहा है। तीनों के बेहोशी की हालत मिलने की वजह जहां पर ग्रामीण ठंड बता रहे है, वहीं चर्चा यह भी है की रात में ठंड से बचाव के लिए संजय ने कोयले से अंगीठी जलाकर रखी थी,जिसकी वजह से दम घुटने से यह हादसा हुआ है।

कोहरे का कहर तीन ट्रक आपस में भिड़े

महगांव कौशांबी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी लोहरा गांव के मोड़ के पास एक के बाद एक ट्रक कोहरे की वजह से आपस में भिड़ गए जिससे ट्रक बुरी तरह से छतिग्रत हो गए। मिली जानकारी के अनुसार जीटी रोड लोहरा मोड़ के पास घने कोहरे की वजह से रात्रि करीब दो बजे एक ट्रक मोड़ के पास बैक कर रही थी और सामने से आ रही एक और ट्रक को कोहरे से दिखाई नहीं दिया जिससे उसके ट्रक तो टक्कर मार दी इतने में पीछे से आ रही डीसीएम को भी दोनो दुर्घटनाग्रस्त ट्रक रोड पर नही दिखे और वह भी जाकर लड़ गई। हालाकि इस दुघर्टना में ट्रक चालक और परिचालक को मामूली चोट आई है कोई हताहत नहीं हुई। दुघर्टना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेज कर दुर्घटनाग्रस्त तीनों ट्रको को रोड हटवाया और यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप संचालित किया।

कोयला लदी हुई मालगाड़ी में लगी आग, रेलवे कर्मचारियों और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पाया काबू

कौशाम्बी। जिले में कोयला लदी हुई मालगाड़ी में अचानक लगी आग से हड़कंप मच गया,आग लगने की जानकारी लोको पायलट ने रेलवे के अधिकारियों को दी,अधिकारियो के आदेश पर रेलवे कर्मचारियों और फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना सैनी कोतवाली क्षेत्र की है जहा चलती हुई कोयला लदी हुई मालगाड़ी में अचानक धुवा उठने लगा जिसके बाद मालगाड़ी में आग लगने की सूचना लोको पायलट ने रेलवे के उच्च अधिकारियों को दी,जिसके बाद मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मचारी और फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई और मालगाड़ी को आगे एम लिए रवाना कर दिया गया।

बच्चों के विवाद में भिड़े बड़े, हुई जमकर मारपीट थाने पहुंचा मामला

महगांव कौशांबी। चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बलीपुर टाटा गांव में गेंद खेल रही बच्ची की गेंद पड़ोसी के यहां चली गई तो बच्ची ने अपनी मां को गेंद लाने के लिए कहा पड़ोसियों से गेंद मांगने गई बच्ची की मां को पड़ोसियों ने गाली गलौज देते हुए लात घूसा से जमकर पीट दिया इसके बाद मामला चरवा थाने में पहुंच गया मामले की जांच में पुलिस जुट गई है। जानकारी के अनुसार बलीपुर टाटा गांव की रहने वाली सावित्री देवी पत्नी जितेन्द्र कुमार सरोज ने चरवा थाना प्रभारी को लिखित शिकायती प्रार्थना देकर बताया कि मंगलवार की शाम करीब 4 बजे उसकी लड़की संजना उम्र 7 वर्ष अपने दरवाजे के सामने गेंद खेल रही थी, जिसकी गेंद पड़ोसी विजय कुमार पुत्र बुदुन्नी के घर के पास चली जाती है जिस गेंद को विजय की बेटी पिंकी लेकर अपने घर में चली गई जिससे सावित्री देवी की लड़की रोते हुए उसके पास आई और सारी बात बताई तब सावित्री देवी गेंद दिलाने के लिए पड़ोसी के घर गई इतने में पड़ोसी विजय कुमार, उसका पुत्र सितेश विजय की पत्नी ये सभी लोग एकजुट होकर सावित्री को और उसकी बेटी को गाली गलौज देने लगे विरोध करने पर उक्त लोगों ने मां बेटी को बेरहमी से लात घूसा से जमकर मारने पीटने लगे मार पीट में सावित्री और उसकी बेटी के शरीर पर गंभीर चोट आई है मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

बैंक आफ बड़ौदा में हुई चोरी का चौकी पुलिस ने किया खुलासा

अभियुक्त कई चोरियों सहित बैंक में सेंधमारी कर उपकरण आदि उठा ले जाने में शामिल थे सगे भाई

अझुवा कौशांबी। सैनी कोतवाली के नगर पंचायत अझुवा में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में 30 अक्टूबर की रात्रि में चोरों ने सेंधमारी की थी सेंध से एक युवक बैंक के अंदर जाता दिखाई दिया था बैंक में चोरी के नाम पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया था मौके पर पुलिस उच्च अधिकारियों ने फोरेंसिक टीम के साथ मौका मुआयना कर चोरी करने वालों को पकड़ने का क्षेत्रीय पुलिस को आदेशित किया था कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत चोरों की तलाश में जुट गई । आज 24 जनवरी को पुलिस ने बैंक में चोरी का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त अनुज कुमार पुत्र अखिलेश कुमार निवासी नादेमई थाना सैनी को हिरासत में लेकर मामले का खुलासा किया है ऑपरेशन दृष्टि के तहत सरकारी ,जनसहयोग माध्यम में लगे सीसीटीवी कैमरों के सहयोग से उपरोक्त चोरी में अज्ञात मुल्जिम तसदीकी कर मुखबिर की सटीक सूचना पर अभियुक्त को धर दबोचा ।पूंछ तांछ में अभियुक्त अनुज कुमार पुत्र अखिलेश ने आरोप स्वीकार करते हुए बताया वह अपने भाई विवेक कुमार पुत्र अखिलेश कुमार विश्वकर्मा के साथ मिलकर बैंक ऑफ बड़ौदा में चोरी को अंजाम दिया था चोरी के बाद ही विवेक सरकारी टेबलेट मोबाइल लेकर मुंबई भाग गया है चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण कुमार मौर्य ने कहा फरार अभियुक्त को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

चोरों ने सुने घर को बनाया निशाना,लाखों की हुई चोरी

अझुवा कौशांबी सैनी कोतवाली के टांडा ग्राम सभा के सुनील कुमार मिश्रा के घर अज्ञात चोर लाखों रुपए के जेवर सहित नकदी चोरी कर ले गए सुनील कुमार मिश्रा पेशे से ड्राइवर जो कि गुजरात में रहकर ड्राइविंग करते उनकी पत्नी बच्चो के साथ गांव में रहती हैं 20 जनवरी को महिला बच्चों के साथ अपने मायके ओसा गई थी 23जनवरी शाम घर वापस लौटी तो दरवाजे का गेट खोलकर जब दूसरे मंजिल पर गई तो वहां दरवाजे का ताला टूट देखकर होश उड़ गए कमरे का सामान बिखरा पड़ा था,अलमारी का ताला टूटा था जिसमे 13 हजार एवम लाखों का जेवरात गायब था महिला ने चौकी अझुवा में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस मौका मुआयना कर चोरों की तलाश में जुट गई है।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 266 जोडे.विवाह के बन्धन में बधें

बैरमपुर कौशाम्बी। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना ह्वमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत आज मिनी ग्रामीण स्टेडियम पूरब-पश्चिम शरीरा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 266 जोडे. विवाह के बन्धन में बधें। सांसद विनोद कुमार सोनकर, जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए परमपिता परमेश्वर से सफल एवं सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की। सासंद विनोद सोनकर ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम भव्य एवं व्यवस्थित तरीके से आयोजित कराने के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए ईश्वर से सफल एवं सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की एवं सभी को उ0प्र0 दिवस की हार्दिक शुभकॉमनायें दी। उन्हांने अर्ह युवाओं से कहा कि जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करायें तथा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान करें। उन्हांने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश में ऐसी सरकार है, जो बिना किसी भेद-भाव के गरीब, शोषित, पीड़ित, मजदूर, किसान एवं समाज के सभी वर्गों की चिन्ता कर, उनके कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रहीं है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीब बेटियों का विवाह कराया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गरीब बेटियॉ, जो कभी सपना नहीं देख सकतीं, कल्पना भी नहीं कर सकतीं थी, कि उनका भी इतने भव्य तरीके से विवाह होगा, जिसमें सांसद एवं जिलाधिकारी आदि शामिल होंगे, उन्होंने कहा कि बेटियों के पैदा होने पर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत रू0-06 हजार खाते में जमा कराया जाता है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय के स्थान पर विधानसभा वार आयोजित किया जा रहा हैं ताकि गॉव के लोंगो को आने-जाने में कोई परेशानी न होने पायें। 29 जनवरी को चायल विधानसभा के नेवादा में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जायेंगा। जनपद कौशाम्बी के एक-एक मजरे का विद्युतीकरण करने का कार्य किया गया है। जनपद में मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन हैं। बस डिपो मंझनपुर का निर्माण कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि दंगल मैदान पश्चिम शरीरा के बाउण्ड्रीवाल का टेण्डर हो गया है, 40 लाख की लागत से बाउण्ड्रीवाल का कार्य कराया जायेंगा, किसी भी व्यापारी की कोई दुकान उजाड़ी नहीं जायेंगी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शासन की महत्वाकॉक्षी योजना है, जिसके द्वारा जो परिवार अपने पुत्रियां के विवाह करने में सक्षम नहीं हैं, उन सभी के पुत्रियों का विवाह, इस योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित कर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना के लिए सहायता राशि के रूप में 35000 (पैतीस हजार) रुपए कन्या के खाते में हस्तान्तरित की जाती है। इस प्रकार कुल 51 हजार रुपए प्रत्येक जोड़े पर व्यय किये जाने का प्राविधान है इस अवसर पर सीडीओ डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा प्रेमचन्द्र चौधरी सहित आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

देशी शराब विदेशी मदिरा बियर एवं भॉग तथा एफ0एल0-16/17 की समस्त दुकानें 26 जनवरी को रहेंगी बन्द

कौशाम्बी जिला आबकारी अधिकारी राजेश प्रसाद ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश देशी शराब/विदेशी मदिरा एवं बियर का व्यवस्थापन नियमावली यथा संशोधित एवं उत्तर प्रदेश आबकारी लाइसेंस (टेण्डर एवं नीलाम) नियमावली-1991 (यथा संशोधित) के अनुपालन में जनपद-कौशाम्बी की देशी शराब/विदेशी मदिरा/बियर एवं भॉग तथा एफ0एल0-16/17 की समस्त दुकानें 26 जनवरी 2024 (गणतन्त्र दिवस) के अवसर पर पूर्ण रूप से बन्द रहेंगी। इस बन्दी के लिये अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल देय नहीं होगा। उन्होंने सभी आबकारी निरीक्षकों को आदेश का अनुपालन कडाई से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

पड़ोसी ने रंजिशन युवक को किया लहूलुहान

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावां गांव का सतराज यादव पुत्र स्व0 मुनि चन्द मेहनत मजदूरी कर के अपने परिवार का भरण पोषण करता है। मंगलवार की रात्रि करीब 8 बजे पीड़ित अपने चाचा के घर के सामने बगीचे में लिट्टी चोखा प्रोग्राम किया था। लिट्टी चोखा बनाने की तैयारी चल ही रही थी। उसी समय पीड़ित के पड़ोस का विमलेश उर्फ चुलबुल पुत्र देवानंद अपने तीन साथियों के साथ डण्डा व लोहे कि सरिया लेकर पल्सर मोटरसाइकिल से पीड़ित के पास आये। पीड़ित को अकेला देख कर दबंगों ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगे। पीड़ित ने गाली का विरोध किया तो दबंगों ने डण्डा व सरिया से जान लेवा हमला कर दिए। जिससे पीड़ित का शिर फट गया। लहूलुहान की हालत में गिर पड़ा, मौके पर तड़पता रहा। पीड़ित के परिजनों को जानकारी हुई तो परिजनों ने मौके पर आकर आनन - फानन निजी वाहन करके घायल पीड़ित को इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया। समय अनुसार इलाज होते ही घायल पीड़ित की जान बच गई। घायल पीड़ित ने चरवा थाना पहुंच कर नामजद्द व तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। चरवा पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करके घायल पीड़ित को इलाज हेतु भेजा गया।

मतदाता दिवस जागरूकता की दिलाई गई निष्पक्ष शपथ

चायल कौशाम्बी उच्च प्राथमिक विद्यालय नेवादा शेरगढ़ में मतदाता दिवस जागरूकता की निष्पक्ष शपथ दिलाई गई प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार व सहायक अध्यापक व वासिफ रब, मोहम्मद कैस, तहजीब उल हसन, एवं ग्राम प्रधान अरविंद पाल व ग्रामीण जवाहरलाल, उदयभान, सुखलाल दिवाकर, सुशीला देवी व अन्य तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्राम प्रधान ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

चरवा कौशांबी। विकास खण्ड चायल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रैया देह माफी के ग्राम प्रधान मिठाई लाल ने जरुरतमंद वृद्ध और महिलाओं को कंबल वितरित किया। कंबल पाकर लोग काफी खुश नजर आए। कड़ाके की ठंड में प्रशासन और समाजसेवियों द्वारा असहाय और गरीबों को कंबल वितरण करने का सिलसिला जारी है। विकासखंड चाइल्ड के ग्राम पंचायत रैया देव माफी में ग्राम प्रधान द्वारा लगभग एक दर्जन जरूरतमंदों व विधवा महिलाओं को कंबल वितरण किया गया जिसमें मोहनी, चमेली देवी, बच्ची देवी, छोटे लाल कुशवाहा , पंछी लाल यादव, भैया लाल, मोहन लाल, राज बाहदुर आदि को कंबल बांटा और उसके बाद अन्य जरूरतमंदों को भी दिया गया। ग्राम प्रधान मिठाई लाल ने बताया की इस समय काफी ठंड पड़ रही है। मैं ऐसे लोगो की मदद करने के लिए हमेशा मदद करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहूंगा।

धर्मा देवी इंटर कॉलेज में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

कौशाम्बी लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु दिनांक 24 जनवरी 2024 को धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन में मतदाता शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया अधिक से अधिक मतदान करने हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को प्रेरित किया गया। इसी के संदर्भ में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमे शैल्जा मौर्या पुत्री शिव सेवक मौर्या को प्रथम स्थान, सृष्टि पुत्री राकेश कुमार को द्वितीय तथा अवनीश कुमार श्री लल्लू प्रसाद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राम किरण त्रिपाठी, उपप्रधानाचार्य राम शंकर सिंह आदित्य कुमार द्विवेदी धर्मेन्द्र कुमार शास्त्री पुनीत अग्रहरि आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

वंचितों, गरीबों, आम आदमी की आवाज थे जननायक कपूर्री ठाकुर : अजय सोनी

कौशाम्बी समर्थ किसान पार्टी के तत्ववावधान में दिनांक 24 जनवरी बुधवार को सिराथू ब्लॉक के ग्राम बड़नपुर घाटमपुर में जननायक, भारत रत्न, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर जी की सौवीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर तमाम लोग मौजूद रहे। बुधवार 24 जनवरी को सिराथू ब्लॉक के ग्राम बड़नपुर घाटमपुर में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, जननायक, भारत रत्न कपूर्री ठाकुर जी की सौवीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूवात उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रतीकात्मक उनको लड्डू का भोग लगाया गया। इस अवसर पर कई लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर उन्हे नमन किया। इसी के साथ इस अवसर पर कई वक्ताओं द्वारा उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया और कपूर्री ठाकुर अमर रहे...अमर रहें के नारे लगाए गए। इस अवसर पर पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने उनके बारे में बताया कि कपूर्री ठाकुर का जन्म 24 जनवरी 1924 को बिहार प्रांत के समस्तीपुर जिले के पितौंझिया गांव में एक नाई समाज में हुआ था जबकि उनकी मृत्यु 17 फरवरी 1988 को हुई थी। वो दो बार बिहार के मुख्यमंत्री थे। उनकी सादगी, सेवाभावना और लोकप्रियता के कारण लोग उन्हें जननायक कहते थे। आगे कहा कि जयनायक कपूर्री ठाकुर वंचितों, गरीबों और आम आदमी की आवाज थे। उनका सारा जीवन आम जनता के लिए समर्पित था। इस अवसर पर श्री चंद्रसेन, पप्पू सेन,जवाहर लाल दिवाकर, छोटे लाल सेन, लालचंद्र सोनकर, भगवानदास वर्मा, डॉ राजेश सिंह, आदित्य तिवारी, पप्पू लोधी, वीरेंद्र तिवारी, जयसिंह लोधी, रविकरण सरोज, रंजीत सरोज, मान बाबू सोनकर, मुन्ना सिंह, लवकुश सिंह, मनीता देवी आदि मौजूद रहे।

सेन शर्मा सविता समाज के लोगो ने पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर की मनाई 100 वी जयंती

कौशांबी। बिहार के जन्मे पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर जी का मंझनपुर एक तमन्ना पैलेस नहर रोड़ कार्यक्रम का आयोजित करके कपूर्री ठाकुर की 100 वी जयंती मनाई गई। जिसमे जिला कौशाम्बी के नाई समाज के लोगो ने जिला मुख्यालय मंझनपुर में एकत्रित हो करके भारत रत्न से नवाजे जाने वाले कपूर्री ठाकुर की जयंती में बड़ी संख्या और बड़ी धूमधाम से मनाई गई। समाज के गरीब और असहाय लोगो के लिए शिक्षा और पर्यावरण के लिए ऊषा फाउंडेशन योजना चलाई गई है जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे दीपक ठाकुर नंदवंशी जो कपूर्री ठाकुर संस्थान इटावा प्रमुख को स्मृति चिन्ह भेंट की गई। इस कार्यक्रम में राम लोचन सेन , राजेन्द्र सेन , कन्हैया शर्मा , घनश्याम सेन , सीताराम सेन (मास्टर साहब) , अमन शर्मा , डॉ. वीरेंद्र सेन , रवि भैया , नितेश सेन, दीपक सेन , महेंद्र सेन, आशीष नंदवंशी (चित्रकूट) सौरभ सेन, मोहित कुमार, गोलू सेन आदि जयंती समारोह में शामिल हुए।

संपादक की कलम से

राममय भारत को आकार देने के संकल्पों का गणतंत्र

गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है, इसी दिन 26 जनवरी, 1950 को हमारी संसद ने भारतीय संविधान को पास किया। इस दिन भारत ने खुद को संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया। भारतीय संविधान के अग्रिम पृष्ठ पर प्रभु श्रीराम विराजित है, लेकिन पूर्व सरकारों ने श्रीराम के गणतांत्रिक गौरव को न अपनाने के कारण चौहत्तर वर्षों में हमारा गणतंत्र कितनी ही कंटीली झाड़ियों में फँसा रहा। लेकिन इस वर्ष प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा हो जाने से इस राष्ट्रीय पर्व का महत्व बहुगुणित हो गया है और हमें अब वास्तविक रूप में संप्रभुता का अहसास होने लगा है। भारतीय इतिहास का यह नया प्रस्थान बिंदु है जहां से भारत राममय होने की ओर अग्रसर हो रहा है।

भारतीय मानस, मनीषा और जनजीवन के पांच सौ वर्ष पुराने संघर्ष-गाथा का अन्तिम अध्याय लिखते हुए अब भारत रामराज्य के वास्तविक स्वरूप में प्रवेश कर रहा है, जहां सुख सम्पदा बड़ी मात्रा में होगी, प्रेम और खुशी का वातावरण होगा, आदर्श राज्य की कल्पना आकार लेगी। अयोध्या में लिखा गया नया इतिहास एवं अमिट आलेख आने वाले हजारों वर्षों के लिये एक सन्देश है, एक उर्वर धरातल है, स्वयं के द्वारा दुनिया को प्रेरणा देने का अवसर है। दुनिया में आदर्श शासन प्रणाली में राम राज्य ही शांति, सह-जीवन, सह-अस्तित्व एवं वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र को आकार देने का मार्ग है। वर्तमान दुनिया को इसी राम राज्य की आवश्यकता है। श्रीराम मंदिर का निर्माण इस लिहाज से भारत ही नहीं सम्पूर्ण दुनिया में नवीन आदर्श जीवन मूल्यों एवं लोकतांत्रिक आदर्शों की स्थापना का शुभ अवसर है।

गणतंत्र कोरा राष्ट्रीयता का ही नहीं, आस्था एवं संकल्पों का पर्व है, इस पर्व का जश्न सामने हैं, राजपथ पर निकलने वाली झांकियों में श्रीराम की प्रभावी एवं प्रेरक प्रस्तुति होगी। जिसमें प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाते हुए कुछ कर गुजरने की तमन्ना भी झलकेगी तो अब तक कुछ न कर पाने की बेचैनी भी दिखाई देगी। जहां हमारी जागती आंखों से देखे गये स्वप्नों को आकार देने का विश्वास है तो जीवन मूल्यों को सुरक्षित करने एवं नया भारत निर्मित करने की तीव्र तैयारी है। अब हमारी स्व-चेतना, राष्ट्रीयता एवं स्व-पहचान का अहसास होने लगा है। जिसमें आकार लेते वैयक्तिक, सामुदायिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राष्ट्रीय एवं वैश्विक अर्थ की सुनहरी छटाएं हैं। अब बहुत कुछ बदलने जा रहा है। पांच सौ साल पहले जब बाबर की बर्बर सेनाओं ने रामलला के मन्दिर को ध्वस्त करने का अभियान छेड़ा था, वो एवं उसके बाद की शासन-व्यवस्थाओं ने श्रीराम को धुंधलाने के षडयंत्र किये, जब उनके आकाओं ने क्या सोचा होगा? वे इस राष्ट्र की आस्थाओं को नष्ट कर देना चाहते थे, भारत की समृद्ध विरासत एवं संस्कृति को जमींदोज कर देना चाहते थे, बहुत नकारात्मक एवं कुटिल सोच थी उनकी कि आस्था-विहिन मनुष्य आसानी से गुलाम बन जाते हैं। यह बड़ा सच है कि हमारा राष्ट्र पराधीन हुआ, लेकिन हमारी आस्थाएं मरी नहीं थी, हमारा विश्वास काल-कवलित नहीं हुआ। आज के परिदृश्यों को देखते हुए कहा जा सकता है कि एक मायने में आक्रांता गलत साबित हुए, राष्ट्र-विरोधी एवं हिन्दू-विरोधी ताकते पस्त हुई। अयोध्या में लिखे गये स्वर्णिम इतिहास से यह साबित किया गया है कि भारतीयों की आस्था, संघर्ष और विश्वास परम्परा को एक नया मुकाम दे दिया गया है। एक नये गणतंत्र का अभ्युदय हुआ है।

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हमारी उन सफलताओं की ओर इशारा करता है जो इतनी लंबी अवधि के दौरान अब जी-तोड़ प्रयासों के फलस्वरूप मिली है। यह पर्व इस वर्ष अधिक उमंग एवं उत्साह से इसलिये भरा है कि श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा की अनूठी कहानी का यह साक्षी बन रहा है, जहां आठ हजार लोगों की जो जनशक्ति उपस्थित थी, उसमें 140 करोड़ भारतीयों की मनीषा, जिजीविषा, धार्मिकता, रचनात्मकता, सृजनात्मकता, उद्यमशीलता की गवाह थी। हर क्षेत्र में नया इतिहास निर्मित करने वाली प्रतिभाएं एवं हस्तियां वहां मौजूद थी, जो प्रभु श्रीराम से शक्ति लेकर नया भारत को निर्मित करने के लिये तत्पर हुई है। यह मन्दिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल को ध्वस्त करने को लेकर शुरू हुए संघर्ष का अंत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिये कुछ नया करने, अद्भुत रचने, राष्ट्र-गौरव को निर्मित करने एवं अपनी आस्थाओं को बलशाली बनाने का पैगाम है।

श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन जहां त्याग की मूर्ति है, वहीं ऋषि मुनियों और जनसाधारण की रक्षा का संकल्प भी है। श्रीराम ने कष्टों और बाधाओं में भी उच्च जीवन मूल्यों को प्रतिस्थापित किया। उन्होंने जहां आदर्श-शासन व्यवस्था का सूत्रपात किया, वहीं आदर्श मानव चरित्र एवं जीवन को आकार दिया, वहीं जीवन मूल्य भारतीय जीवन शैली में आज भी व्याप्त है। तुलसीदासजी ने श्रीराम को एक आदर्श शासक पुरुष के रूप में चित्रित किया है, जिनमें करुणा, दया, क्षमा, सत्य, न्याय, साहस, सदाचार, धैर्य और नेतृत्व जैसे गुण समाहित है। वे एक आदर्श पुत्र, भाई, पति, राजा और मित्र हैं। 26 जनवरी भारतीय संविधान के लागू होने का दिवस है, तो 22 जनवरी महामानव, त्यागमूर्ति, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा का अवसर। भारतीय संविधान के भाग तीन पर जहां हमारे मौलिक अधिकारों का उल्लेख है, भगवान श्रीराम, सीता एवं लक्ष्मणजी का चित्र है, जो भारतीय जनमानस को इन आदर्श धर्म-राष्ट्रनायक के अनुरूप स्वयं को निर्मित करने की प्रेरणा देता है। हमने जिस संपूर्ण संविधान को स्वीकार किया है, उसमें कहा है कि हम एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, आस्थावादी लोकतंत्रात्मक गणराज्य है। यह सही है और इसके लिए सर्वप्रथम जिस इच्छा-शक्ति की आवश्यकता है, वह हमारी शासन-व्यवस्था एवं शासन नायकों में सर्वात्मना नजर आनी चाहिए और ऐसा होने लगा है तो यह सुखद अहसास है।

एक संकल्प लाखों संकल्पों का उजाला बांट सकता है यदि दृढ़-संकल्प लेने का साहसिक प्रयत्न कोई शुरू करें। अंधेरों, अवरोधों एवं अक्षमताओं से संघर्ष करने की एक सार्थक मुहिम हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में शुरू हुई थी। उनके दूसरे प्रधानमंत्री के कार्यकाल में सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां सुनाई दे रही है, चांद एवं सूर्य पर विजय पताका फहरा देने के बाद धरती को स्वर्ग बनाने की मुहीम चल रही है, उसकी सार्थक ध्वनि है श्रीराम मन्दिर। जो भारत के लिये एक शुभ एवं श्रेयस्कर घटना है। राष्ट्रीय जीवन में विकास की नयी गाथाएं लिखते हुए, भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर भारत अब विश्व-गुरु भी बनने की ओर गतिशील है। गत वर्ष 9 एवं 10 सितम्बर को जी-20 देशों महासम्मेलन भारत में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ था भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता धीरे-धीरे सामने आने लगी है एवं उसके उद्देश्यों की परतें खुलने लगी है।

अयोध्या से पहले काशी में विश्वनाथ धाम का जो विकास हुआ है, उसे हमने देखा। मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल में जता दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति वाली सरकार अपने फैसलों से कैसे देश की दशा-दिशा बदल सकती है। कैसे राष्ट्र की सीमाओं को सुरक्षित रखते हुए पडौसी देशों को चेता सकती है, कैसे स्व-संस्कृति एवं मूल्यों को बल दिया जा सकता है। गणतंत्र दिवस समारोह मनाते हुए भारत में धर्मस्थलों और तीर्थों के विकास की किसी भी पहल की भी प्रशंसा होनी ही चाहिए।

अधिकतम मतदान सुनिश्चित करना प्राथमिकता हो

राष्ट्रीय मतदान दिवस-25 जनवरी, 2024 पर विशेष

भारत में घटते मतदान को नियंत्रित करने एवं अधिकाधिक युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, भारत सरकार ने हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसे भारत के चुनाव आयोग के स्थापना दिवस को चिह्नित करने के लिए 25 जनवरी 2011 से शुरू किया गया है। विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर व्याप्त होती विसंगतियों को दूर करने के लिये मनाया जाने लगा था। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश भर के सभी मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जाएगी, जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 वर्ष हो चुकी होगी। मतदान दिवस बनाने का मुख्य कारण है कि चुनाव में व्याप्त होते भ्रष्टाचार को नियंत्रित करना एवं लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करना भी है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में अधिकतम यानी शत-प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग हो, इसके लिये देश में मतदान दिवस को अधिक प्रासंगिक बनाने की जरूरत है। जनतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पहलू चुनाव है, जनतंत्र में स्वस्थ मूल्यों को बनाये रखने के साथ उसमें सभी मतदाताओं की सहभागिता को सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिये आरईवीएम के प्रयोग का प्रस्ताव सैद्धांतिक तौर पर एक सराहनीय एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। क्योंकि आजादी के बाद से ही जितने भी चुनाव हुए है, उनमें लगभग आधे मतदाता अपने मत का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, ऐसा हर चुनाव में होता आया है। इसलिए लंबे समय से मांग उठती रही थी कि ऐसे लोगों के लिए मतदान का कोई व्यावहारिक एवं तकनीकी उपाय निकाला जाना चाहिए। उसी के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के द्वारा घरेलू प्रवासियों के लिए आरवीएम का प्रस्ताव एक सूझबूझभरा एवं दूरगामी सोच एवं विवेक से जुड़ा उपक्रम है। जरूरत है राजनीतिक दल ऐसे अभिनव उपक्रम का विरोध करने या अवरोध खड़ा करने की बजाय उसका अच्छाइयों को स्वीकार करते हुए स्वागत करें।

नीति आयोग ने चुनाव आयोग को वर्ष 2024 से लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का सुझाव देकर एक सार्थक बहस का अवसर प्रदत्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों चुनावों को एक साथ कराने का सुझाव दिया था। चुनाव एक साथ कराने का विचार बहुत नया हो, ऐसा भी नहीं है। पिछली सरकारों में भी समय-समय पर इस पर चचाएं होती रही हैं।

लेकिन इस व्यवस्था को लागू करने को लेकर अनेक संवैधानिक समस्याएं भी और कुछ बुनियादी सवाल भी है। इन सबका समाधान करते हुए यदि हम यह व्यवस्था लागू कर सके तो यह सोने में सुहागा होगा। जनता की गाढी कमाई की बबार्दी को रोकने, बार-बार चुनाव प्रक्रिया के होने से जनता को होने वाली परेशानी और प्रशासनिक कार्य में होने वाली असुविधाओं को रोकने के लिए चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था निश्चित रूप से लोकतंत्र को एक नई उष्मा एवं नया परिवेश देगी। यदि इसके लिये कोई सर्वमान्य रास्ता निकलता है तो सचमुच यह देश, समाज और लोकतंत्र के हित में होगा। भारतीय लोकतंत्र दुनिया का विशालतम लोकतंत्र है और समय के साथ परिपक्व भी हुआ है। बावजूद इसके लोकतंत्र अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं का भी शिकार है। मुख्यतः चुनाव प्रक्रिया में अनेक छिद्र हैं, सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा छिद्र चुनावों की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर है। खरीद-फरोख्त, नशा एवं मतदाताओं को लुभाने एवं आकर्षित करने का आरोप भी लोकतंत्र पर बड़े दाग हैं। चुनाव सुधारों की तरफ हम चाह कर भी बहुत तेजी से नहीं चल पा रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी बड़ी और मजबूत संस्था की उपस्थिति के बाद भी चुनाव में धनबल, बाहुबल एवं सत्ताबल का प्रभाव कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। ये तीनों ही हमारे प्रजातंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट है।

चुनाव साथ कराने का मुद्दा कई मायनों में बहुत महत्व का है। इसके चलते देश में विकास की गति बढ़ने की संभावनाएं भी जताई जा रही है। चुनाव एक ही बार में और एक साथ होने से विकास के काम एक बार ही रूकेंगें और देश की गाड़ी तेजी से चल पड़ेगी। इसके साथ ही वर्ष भर पूरे देश में कहीं न कहीं चुनाव होने के कारण सरकारों की प्राथमिकताएं बदल जाती हैं। राजनीतिक दल राज्यों के चुनावों के चलते तमाम फैसलों को टालते हैं या लोक-लुभावन फैसले लेते हैं। इससे सुशासन का स्वप्न धरा रह जाता है। भारतीय राजनीति के लिए यह एक गहरा संकट और चुनौती दोनों है। राष्ट्र में आज ईमानदारी एवं निष्पक्षता हर क्षेत्र में चाहिए, पर चूँकि अनेक गलत बातों की जड़ चुनाव है इसलिए भारत के चुनावी कुंभ में व्याप्त विरोधाभासों एवं विसंगतियों को दूर करने के लिये उठने वाला हर कदम स्वागतयोग्य है।

लंबे समय से अनेक संगठन भी एक साथ चुनाव कराने एवं लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए सक्रिय हैं। विश्व हिन्दू परिषद-दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष श्री रिखबचंद जैन तो इसके लिए संगठन बनाकर जुटे हुए हैं। भारतीय मतदाता संगठन चुनावी यज्ञ को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने की मुहिम जुटा है। सही मायनों में हमारा लोकतंत्र ऐसी कितनी ही कंटीली झाड़ियों में फँसा पड़ा है। प्रतिदिन आभास होता है कि अगर इन कांटों के बीच कोई पगडण्डी नहीं निकली तो लोकतंत्र का चलना दूभर हो जाएगा। लोकतंत्र में जनता की आवाज की ठेकेदारी राजनैतिक दलों ने ले रखी है, पर ईमानदारी से यह दायित्व कोई भी दल सही रूप में नहीं निभा रहा है। ह्वसारे ही दल एक जैसे हैंह्न यह सुगबुगाहट जनता के बीच बिना कान लगाए भी स्पष्ट सुनाई देती है। राजनीतिज्ञ पारे की तरह हैं, अगर हम उस पर अँगुली रखने की कोशिश करेंगे तो उसके नीचे कुछ नहीं मिलेगा। कुछ चीजों का नष्ट होना जरूरी है, अनेक चीजों को नष्ट होने से बचाने के लिए। जो नष्ट हो चुका वह कुछ कम नहीं, मगर जो नष्ट होने से बच सकता है वह उस बहुत से बहुत है। लोकतंत्र को जीवन्त करने के लिए हमें संघर्ष की फिर नई शुरूआत करनी पडेगी।

भारत के लोगों की हजारों वर्षों से एक मान्यता रही है कि हमारी समस्याओं, संकटों व नैतिक ह्रास को मिटाने के लिए अवश्य कोई फरिश्ता आएगा और हम सबको उबार लेगा। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में यह विश्वास दिलाया है ह्वयदा यदा ही धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारतः ह्नह्न जब-जब धर्म का ह्रास और पाप में वृद्धि होगी तब-तब मैं धरती पर जन्म लूंगा। पर अभी पूर्ण अवतार सम्भव नहीं, अर्ध-अवतार की भी सम्भावना नहीं, तब ऐसे ही कुछ लोग अपनी प्रभावी भूमिका अदा कर लोगों के विश्वास को कायम रखेंगे कि अच्छे आदमी पैदा होने बन्द नहीं हुए हैं। देश, काल और स्थिति के अनुरूप कोई न कोई विरल पुरुष सामने आता है और विशेष किरदार अदा करता है और लोग उसके माध्यम से आशावान हो जाते हैं। आज जहां कहीं से भी चुनाव एक साथ कराने की मुहिम को बल मिल रहा है, निश्चित ही इससे लोकतंत्र मजबूत होगा, अधिक कारगर होगा एवं जीवंत बन कर देश को विकास की तीव्र गति देगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे कुछ कद्दावर नेता आते हैं और अच्छाई-बुराई के बीच भेदरेखा खींच लोगों को मार्ग दिखाते हैं तथा विश्वास दिलाते हैं कि वे बहुत कुछ बदल रहे हैं तो लोग उन्हें सिर माथे पर लगा लेते हैं। एक साथ चुनाव का मुद्दा यदि मोदीजी का संकल्प है तो अवश्य ही आकार लेगा। जैसाकि हम जानते हैं कि लोग शीघ्र ही अच्छा देखने के लिए बेताब हैं, उनके सब्र का प्याला भर चुका है। लोकतंत्र को दागदार बनानेवाले अपराध और अपराधियों की संख्या बढ़ रही है। जो कोई सुधार की चुनौती स्वीकार कर सामने आता है, उसे रास्ते से हटा दिया जाता है। लेकिन इस बार प्रधानमंत्री स्वयं एक नया रास्ता बनाने, लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने एवं चुनाव की खामियों को दूर करने की ठानी है, इसलिये एक नया सूरज तो उदित होगा। प्रेषकः

(ललित गर्ग)
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92

भारत के हिन्दू मन्दिरों ने पर्यटन के पंख लगाये

- ललित गर्ग -

हर व्यक्ति को अपने जीवन में कुछ समय ऐसा जरूर निकालना चाहिए जिसमें खुशी, शांति, आस्था, धार्मिकता एवं प्रसन्नता के पल जीवंत हो सके, इसका सशक्त माध्यम है पर्यटन। जीवन में पर्यटन के सर्वाधिक महत्व के कारण ही हर साल 25 जनवरी को भारतीय पर्यटन दिवस मनाया जाता है। भारत की विविधता, धार्मिकता, ऐतिहासिकता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण, यह दिन देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव, जीवन में खुशियां, आस्था एवं मुस्कान देने वाले पर्यटन के महत्व को उजागर करने के लिए है। भारत में कई धार्मिक स्थल हैं, जो देश-विदेश के पर्यटकों के आस्था का केंद्र है। जहां हजारों-लाखों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचते हैं और मंदिरों की भव्यता देख दीवाने हो जाते हैं, अपूर्व शांति एवं धार्मिकता का अनुभव करते हैं। भारत की परंपरा, आस्था, धर्म और संस्कृति की अलग ही पहचान है। यहां ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की भरमार है। भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों का देश कहा जाता है। एक अनुमान के अनुसार, देशभर में पांच हजार से अधिक सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। अब उनमें एक और स्थान जुड़ गया- अयोध्याधाम। काशी, प्रयागराज और अयोध्या धाम धार्मिक पर्यटन के सबसे बड़े स्वर्ण त्रिकोण (गोल्डन ट्रायंगल) में शामिल हो गये हैं, अयोध्या में श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले ही दिन पांच लाख लोगों ने दर्शन किये, वैसे सामान्य तौर पर अनुमान है कि यहां एक से डेढ़ लाख लोगों के आने की संभावना है। साल भर में संख्या 10 करोड़ को पार कर सकती है। भारत के हिन्दू मन्दिरों ने पर्यटन को पंख लगा दिये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं काशी की कायाकल्प करके दुनियाभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है।

धर्म और अध्यात्म भारत की आत्मा है। यह धर्म ही है, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एकात्मता के सूत्र में बांधता है। भारत की सभ्यता और संस्कृति का अध्ययन करते हैं तो हमें साफ दिखायी देता है कि धार्मिक पर्यटन हमारी परंपरा में रचा-बसा है। तीर्थाटन के लिए हमारे पुरखों ने पैदल ही इस देश को नापा है। भारत के सबसे प्रसिद्ध तीर्थस्थलों में आंध्रप्रदेश का तिरुपति भी एक है, यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। इस मंदिर में आए पर्यटक मंदिर की दक्षिण भारतीय वास्तुकला और शिल्पकला को देख दीवाने हो जाते हैं। मान्यता है कि, यहां आने के बाद व्यक्ति को जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्ति मिल जाती है। ओडिशा के तटवर्ती शहर पुरी में स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर हिंदुओं के चार धाम में से एक माना जाता है। यहां हर साल जून में होने वाला रथ यात्रा उत्सव विश्व प्रसिद्ध है, जिसमें भारत समेत विदेशों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। सपनों की माया नगरी कहे जाने वाले मुंबई में स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान गणेश के दर्शन के बिना कोई भी पर्यटक नहीं लौटता।

वाराणसी या बनारस को दुनिया का सबसे प्राचीन शहर कहा जाता है। गंगा किनारे बसे इस शहर की खूबसूरती, लोगों का रहन-सहन, बुद्ध से लेकर कबीर-तुलसी, घाट, मंदिर, गलियां, खान-पान पर्यटकों को आकर्षित करती है। इसलिए हर दिन यहां हजारों पर्यटक पहुंचते हैं। बनारस का काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। इसे 12 ज्योतिलिंगों में एक माना जाता है। गढ़वाल, उत्तरांचल में हिमालय पर्वतों के तल में बसा ऋषिकेश में नीलकंठ महादेव का मंदिर प्रमुख पर्यटन स्थलों में है। यह शहर दुनियाभर में योग राजधानी के तौर पर जाना जाता है। विदेश लोग योग साधना के लिए भी ऋषिकेश को खूब पसंद करते हैं, साथ ही हरिद्वार में गंगा की खूबसूरती एवं संध्या में गंगा आरती भी लोगों को खूब लुभाती है। ऐसे में जो लोग योग और अध्यात्म में रूचि रखते हैं वो यहां जरूर पहुंचते हैं। मथुरा, वृंदावन, अयोध्या, काशी, उज्जैन, द्वारिका, त्रिवेंद्रम, कन्याकुमारी, अमृतसर, जम्मू-कश्मीर, पुरी, केदारनाथ, बद्रीनाथ ऐसे आस्था के पर्यटन केन्द्र हैं, जो सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों एवं आस्था के पलों को वापस लाने में ही मदद नहीं करते बल्कि ये देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी बन रहे हैं। देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है उसमें पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। क्योंकि भारत की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है।

भारतीय पर्यटन दिवस को वैश्विक पर्यटक को बढ़ावा देने के प्रयास हेतु मील के पत्थर के रूप में देखा जाता है एवं इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सामाजिक विरासत को जीवंतता देना एवं उसके प्रति जन जागरूकता फैलाना है। भारत जैसे देशों के लिए पर्यटन का खास महत्व है। देश की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्त्रोत है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। आज भारत जैसे देशों को देखकर ही विश्व के लगभग सभी देशों में पुरानी और ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण, संवर्द्धन किया जाने लगा है। भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। भारत में पर्यटन की उपयुक्त क्षमता है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री-तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते-घूमते महीना बीत जाते हैं।

भारत के हर राज्य की अलौकिक और विलक्षण विशिष्टताएं हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। उन पर्यटकों के लिए भारत-यात्रा का विशेष आकर्षण है जो शांत, जादुई, सौंदर्य और रोमांच की तलाश में रहते हैं। यह भारत पल-पल परिवर्तित, नितनूतन, बहुआयामी और इन्द्रजाल की हद तक चमत्कारी यथार्थ से परिपूर्ण है। इस भारत की समग्र विविधताओं, नित नवीनताओं और अंतर्विरोधों से साक्षात्कार करना सचमुच अलौकिक एवं विलक्षण अनुभव है। जिससे इस बहुरूपी भारत को उसके बहुआयामी और निहंग वास्तविक रूप में देखा जा सके और ऊबड़-खाबड़ अनगढ़ता की परतों में छिपी सुंदरता को उद्घाटित किया जा सके। हम भारत को एक गुलदस्ते की भांति अनुभव करते हैं, एक ऐसा गुलदस्ता जिसमें भिन्न-भिन्न प्रकार के पुष्प सुसज्जित हैं। किसी फूल में कश्मीर की लालिमा है तो किसी में कामरूप का जादू। कोई फूल पंजाब की कली संजोए हैं, तो किसी में तमिलनाडु की किसी श्यामा का तरन्नुम। किसी में राजस्थान के बलिदान की गाथाएं हैं तो किसी में उत्तरप्रदेश की धार्मिकता। महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल और अन्य प्रदेशों में तो विविधता में सांस्कृतिक एकता के दर्शन होते हैं। इसी भांति जैसलमेर में पर्यटन से हटकर वहां संग्रहीत प्राचीन पांडुलिपियों की विशद् जानकारी, स्थापत्य कला एवं जैन दर्शनीय स्थलों का अनुभव भी अनूठा है।

भारत की सांस्कृतिक और प्राकृतिक सुन्दरता इतनी ज्यादा है कि पर्यटक ज्यादा समय तक यहां के सुन्दर नजारे देखने से दूर नहीं रह सके। यही वजह है कि भारत में विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न शहरों में अलग-अलग योजनाएं भी लागू की गयीं हैं। भारतीय पर्यटन विभाग ने ह्वअतुल्य भारतह्न नाम से अभियान चलाया था। इस अभियान का उद्देश्य भारतीय पर्यटन को वैश्विक मंच पर प्रोत्साहित करना था जो काफी हद तक सफल हुआ। भारत सरकार ने ह्वतीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक वृद्धि अभियानह्न (प्रसाद) नाम से योजना शुरू की है। प्रसाद योजना का उद्देश्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के बुनियादी ढांचे एवं सुविधाओं में सुधार करना है।

गणतंत्र दिवसः भूल न जाना इन बालवीरों को

आर.के. सिन्हा

हर साल जनवरी का महीने आते ही देश में गणतंत्र दिवस की तैयारियां अपने चरम पर पहुंच जाती हैं। राजधानी दिल्ली में तो गणतंत्र दिवस की तैयारियों बाकी जगहों से अधिक बड़े स्तर पर होती हैं क्योंकि राजधानी दिल्ली में ही गणतंत्र दिवस परेड निकलती है। उस परेड का हिस्सा वे बालवीर भी होते हैं, जिन्हें देश उनके साहस, सूझबूझ और शौर्य के लिए सम्मानित कर रहा होता है। वे जब राष्ट्रपति जी को सलामी देते हुए आगे बढ़ते हैं, तो कर्तव्यपथ (पहले राजपथ) में उपस्थित जनसमूह उनका हर्षध्वनि से स्वागत करता है। गणतंत्र दिवस परेड का 1959 से हिस्सा हैं बालवीर पुरस्कार विजेता। यह कुछ साल से खुली जीप में निकलने लगे हैं। हालांकि लंबे समय तक यह हाथियों पर सवार होते थे। पर मेनका गांधी के विरोध के बाद इन्हें हाथियों पर बैठाने की परंपरा को रोक दिया गया।

बालवीर गणतंत्र दिवस परेड से दस दिन पहले राजधानी में आकर परेड की रिहर्सल में शामिल होते हैं। इसके अलावा, यह दोपहर और शाम को कभी राष्ट्रपति कभी, प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, कभी दिल्ली के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल वायुसेना नौसेना और थलसेनाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण व्यक्तियों से मिलते हैं। कभी लालकिला, पुरानाकिला, कुतुब मीनार, हुमायूँ का मकबरा जैसी ऐतिहासिक इमारतें और कभी फन एंड फूड विलेज जैसे मनोरंजक स्थल घूमते हैं। इन्हें राजधानी के फन एंड फूड विलेज के संस्थापक और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथी सरदार सेवा सिंह नामधारी बहुत सारे उपहार देते थे। उनके ना रहने के बाद भी बालवीरों का वहां सम्मानित किया जाता है।

गणतंत्र दिवस से कुछ दिन पहले तक तो यह बालवीर खबरों में रहते हैं। यह अपने इंटरव्यू देते हैं और फिर यह ओझल हो जाते हैं। यह स्थिति कोई आदर्श नहीं मानी जा सकती। कोशिश तो ऐसी होनी चाहिए कि जिन्हें बालवीर पुरस्कार मिला, उन्हें उनके राज्यों की सरकारें जीवन में आगे बढ़ने के हर संभव अवसर दें। हमें पुरस्कार सांकेतिक रूप से नहीं देने चाहिए। ईमानदार कोशिश होनी चाहिए ताकि बालवीरों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिलें। आमतौर पर इनका संबंध देश के सुदूर इलाकों में रहने वाले निर्धन परिवारों से ही होता है। इन्हें हर संभव प्रोत्साहन की दरकार होती है। यह सब देश के नौनिहाल होते हैं। इनके प्रति ठंडा रूख रखना गलत है।

अब तक विभिन्न राज्यों से करीब एक हजार से भी अधिक बच्चों को राष्ट्रीय बाल वीरता पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है। वर्ष 2018 के बाद से भारत सरकार का बाल विकास मंत्रालय स्वयं इन बच्चों का चयन करता है अब यह राष्ट्रीय पुरस्कार वीरता श्रेणी के अतिरिक्त खेल, मनोरंजन, विज्ञान अनुसंधान, आदि अन्य अनेक श्रेणियों में भी बाल प्रतिभाओं को दिए जाने लगे हैं।

अब देश में कितने लोगों को याद है कि पहला बालवीर पुरस्कार हरीश मेहरा नाम के बालक को मिला था। अब हरीश मेहरा करीब 80 साल के बुजुर्ग हो गए हैं। वे दिल्ली में ही रहते हैं। उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को एक बड़े हादसे का शिकार होने से बचाया था। वह तारीख थी 2 अक्तूबर,1957। स्थान था दिल्ली का रामलीला मैदान। शाम के सात बजे थे। उस दिन हरीश मेहरा राजधानी के रामलीला मैदान में चल रहे एक कार्यक्रम के दौरान वलंटियर की ड्यूटी दे रहे थे। वीआईपी मेहमानों के लिए आरक्षित कुर्सियों पर पंडित नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी, केन्द्रीय मंत्री बाबू जगजीवन राम वगैरह भी उपस्थित थे। तब ही उस शामियाने के ऊपर तेजी से आग की लपटें फैलने लगीं जिधर तमाम नामवर हस्ति?ां बैठीं थीं। वे तुरंत 20 फीट ऊंचे खंभे के सहारे उस जगह पर चढ़ने लगे जिधर आग लगी थी। उनके पास स्काउट का चाकू भी था। जिधर से आग फैल रही थी, वहां पर पहुंचकर उन्होंने उस बिजली की तार को अपने चाकू से काट डाला। इस सारी प्रक्रिया को अंजाम देने में मात्र पांच मिनट का वक्त लगा। उस शामियाने के नीचे बैठे तमाम आम और खास लोगों ने हरीश मेहरा के अदम्य साहस और सूझबूझ को देखा। पर इस दौरान उनके दोनों हाथ बुरी तरह से झुलस गए। उन्हें राजधानी के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अगले दिन अस्पताल में उनका हालचाल जानने के लिए बाबू जगजीवन राम स्वयं आए। हरीश मेहरा को उनकी इस बहादुरी के लिए बालबीर सम्मान मिला। वे 26 जनवरी,1959 को गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बने। उनसे पहले यह सम्मान किसी को नहीं मिला था। उसके बाद उन्हें किसी ने याद नहीं रखा। वे सारी उम्र एक सरकारी विभाग में क्लर्की करते रहे। यह सारी स्थितियां हमारी व्यवस्था की काहिली को ही दिखाती हैं।

सरकारी धन दुरुपयोग: डीपीआरओ समेत कई पर गिरी गाज

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले में ई-ग्राम स्वराज पोर्टल से वित्तीय अनियमितता समेत अन्य धांधली पर डीपीआरओ समेत कई अधिकारियों को निलंबित किया गया है।

बुधवार को जिले के गांवों में विकास कार्यों को आये सरकारी धन को मनमानी ढंग से ठिकाने लगाने के मामले में दोषियों पर शासन की गाज गिरी है। शासन ने डीपीआरओ कुमार अमरेन्द्र समेत डीसी, डीपीएम व एडीपीएम व योजना बाबत स्टेट कन्सल्टेंट की सेवायें समाप्त करने के आदेश दिए हैं। गोलमाल करने वाले संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई की तलवार लटकी है। जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चंद्र गुप्ता, तत्कालीन जिला पंचायत राज अधिकारी तुलसीराम, उप निदेशक पंचायत झांसी मंडल व चित्रकूट धाम मंडल बांदा के अतिरिक्त कार्यभार निर्वहन दौरान संजय कुमार यादव, तत्कालीन उप निदेशक पंचायत बस्ती मंडल बस्ती समरजीत यादव निलंबित किये गये हैं।

पुलिस ने दबोचा एक वारंटी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने बलबा व सरकारी कार्य में दखल के वारंटी दीपक गुप्ता पुत्र अनन्तराम निवासी वैद्यजी बाड़ा जगदीशगंज को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, सिपाही कुलदीप द्विवेदी व अनुज वर्मा शामिल रहे।

परामर्श केन्द्र ने सुलझाया दम्पति का विवाद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में आपसी विवाद को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराकर टूटने से बचाया।

बुधवार को बांदा जिले के कमासिन थाने के साडासानी की श्रीमती सुलेखा पुत्री निर्दोष कोटार्य ने पति विजय कोटार्य पुत्र नंदकिशोर निवासी पड़री कोतवाली कर्वी के विरुद्ध गाली-गलौज, मारपीट व दहेज मांग करने बाबत पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा। उन्होंने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। केन्द्र प्रभारी दरोगा श्रीमती गुड्डी देवी व महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव, अनामिका सिंह ने शिकायतकर्ता की बातों को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने को कहा। आपसी सुलह पर दम्पत्ति ने तालमेल से रहने का भरोसा दिया। दम्पति ने एक-दूसरे को फूल-माला पहनाकर मिठाई खिलायी।

ऑपरेशन क्लीन: 15 हजार रुपये का ईनामी अपराधी दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर इनामिया/हिस्ट्रीशीटर-टॉप-10 अपराधियों की गिरफ्तारी को जारी ऑपरेशन क्लीन में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की टीम ने तीन वर्षों से फरार 15 हजार रुपए के इनामी अपराधी को दबोचने में सफलता प्राप्त की है।

बुधवार को प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर दहेज हत्या मामले में तीन वर्षों से फरार अर्जुन यादव पुत्र बच्चा यादव निवासी उसरी पुरवा मजरा बारामाफी को गढ़ीघाट तिराहे से दबोचा। उस पर पुलिस अधीक्षक ने 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। टीम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल, दीवान नरेन्द्र, सिपाही आनन्द प्रताप सिंह व शरद कुमार शामिल रहे।

युवती से दुष्कर्म में दबंग को हुई दस साल की सजा, सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने सुनाया निर्णय

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पिता को रास्ते में रोककर बेरहमी से पीटने के बाद घर में घुसकर बेटी से दुष्कर्म के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने आरोपी को दस वर्ष की सजा व 15 हजार रुपए जुमार्ने से दंडित किया।

बुधवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि एक व्यक्ति ने 26 सितम्बर 2019 को मारकुंडी थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि मारकुंडी बाजार से घर लौट रहा था। शाम साढे छह बजे रास्ते में किहुनिया गांव के महुलिया पुरवा निवासी संदीप चैधरी ने अपने पिता व भाइयों समेत उस पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने बेरहमी से पीटकर मोहल्ले के अन्य लोगों ने उसकी जान बचाई। हमलावर संदीप चैधरी उसके घर पंहुचकर जबरन दरवाजा खुलवाकर बेटी से दुष्कर्म किया। बेटी के शोरगुल मचाने पर लोगों ने पुलिस को बुलाया। पुलिस ने आरोपी को घर से गिरफ्तार किया था। रिपोर्ट दर्ज के बाद पुलिस ने पीड़िता का डॉक्टरी परीक्षण कराया। बयान दर्ज के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। आरोपी संदीप चैधरी गिरफ्तारी के बाद से अब तक जेल में है। बचाव व अभियोजन पक्ष की अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद जिला जज विकास कुमार प्रथम ने दोष सिद्ध होने पर मुख्य आरोपी संदीप चैधरी को दस वर्ष की सजा व 15 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। संदीप के पिता संतोष को छह माह की सजा समेत एक हजार रुपये का जुमार्ना किया।

छलांग प्रशिक्षण में बताये शारीरिक शिक्षा के गुण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउडेशन से चयनित प्रजायत्न संस्था ने छलांग कार्यक्रम मे चित्रकूट ब्लाक के 25 विद्यालयों के नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण संकुल भवन शिवरामपुर में दूसरे दिन गतिविधि आधारित शारीरिक शिक्षा पर दिया।

बुधवार को प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय शिवरामपुर अवध बिहारी सिंह ने समापन किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर प्रशिक्षण में शारीरिक कौशलों के परीक्षण को शिक्षकों को जानकारी दी। परीक्षण प्रत्येक शिक्षक ने करके बताया। 40 मिनट सत्र चलाने को फील्ड मे ले जाकर विस्तार से बताया। दस मिनट मे कौवा-कोयल खेल, मेन गेम बीस मिनट मे चेन बाल पास कराया। सभी शिक्षको ने हिस्सा लेकर खेल को आनंद मयी बताया। प्रतिभागियों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। दो विद्यालयो को खेल सामग्री दी गई। उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवध बिहारी सिंह से दिलवाया। उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवरामपुर व कंपोजिट विद्यालय कछारपुरवा को खेल सामग्री दी गयी। शेष विद्यालयों में समन्वयक भेजेंगे। इस मौके पर पिरामल से विमल, प्रजायत्न संस्था से अमित, सूर्यकांत, विजय, अनुज, प्रेमचन्द्र, नीलू प्रशिक्षक रहे। विद्यासागर सिंह, प्रेमचंद शिवहरे, विजय सिंह, राजेंद्र प्रसाद शर्मा समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

लिपिक से प्यार: मुख्य सचिव का नहीं है अधिकारियों को भय

मुख्य सचिव के आदेश बेअसर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सूबे के मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र के आकांक्षी जिले चित्रकूट में तबादला नीति के आदेश बेअसर हैं। यहां कलेक्टेज्ट में तैनात लिपिक जगदीश पाण्डेय के कमाऊ पूत होने के चलते अधिकारी उसे टस से मस नहीं कर रहे। इससे सरकार के प्रति जनता का भरोसा खत्म हो रहा है।

बुधवार को कलेक्टेज्ट में तैनात लिपिक जगदीश पाण्डेय की बाबत उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ता क्रान्तिकिरन पाण्डेय ने और खुलासे किये हैं। ये लिपिक अनुसूचित जाति की जमीन लेने के मामले में अनुमति के नाम पर अधिकारियों के नाम पर भारी रिश्वतखोरी कर रहा है। रिश्वतखोरी से मिले धन का कुछ प्रतिशत खुद रखकर अधिकारियों को देता है, जिसके चलते उसे अधिकारियों का वरदहस्त मिला है। वरदहस्त के चलते इसकी मनमानी जगजाहिर है। ऐसे में सूबे के मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र के आकांक्षी जिले में तबादला नीति बेअसर है। वह तकरीबन 25 साल से कलेक्टेज्ट में एक ही पटल पर कार्यरत है। अधिकारियों का उसे वरदहस्त न मिला होता तो वह दो साल बाद पटल से हट चुका होता, लेकिन अधिकारियों की खाऊ-कमाऊ नीति से वह कमाऊ पूत बना है।

प्रशासन को ये लिपिक इस कदर प्यारा है कि अधिकारियों को सूबे के मुख्य सचिव के आदेश भी बेमानी प्रतीत होते हैं। अधिकारियों को इस बात का भी भय नहीं है कि सूबे के मुख्य सचिव के आदेश को वे धता बता रहे हैं। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता क्रान्तिकिरन पाण्डेय ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि आकांक्षी जिले में ये लिपिक खुलेआम घूस मांगकर सूबे के मुख्य सचिव के तबादला नीति की धज्जियां उडा रहा है। पत्र में कहा कि लैंड एंड रेवेन्यू क्लर्क पर कई बार घूस मांगने के आरोप भी लगे हैं। पूरी नौकरी दौरान इसका जिला मुख्यालय से आज तक तबादला नहीं हुआ। न ही इस पर कोई जांच बैठी है। इसके मनमानी ढंग से भ्रष्टाचार में लिप्त रहने से सरकार के प्रति आमजनता का भरोसा उठ रहा है। ये सरकार की छवि को धूमिल करने में लगा है। अपनी रिश्वतखोरी से अकूत सम्पत्ति बनाई है। इसका जल्द तबादला कर पटल बदलकर जांचकर कार्यवाही की जाये, ताकि जनता का सरकार के प्रति भरोसा कायम रहे।

रजिस्ट्री कार्यालय में घुसे चोरों ने लगाई आग

रिकार्ड समेत सामग्री जली

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मंगलवार को सवेरे सब रजिस्ट्रार कार्यालय में अज्ञात चोरों ने आग लगा दी। आग से ज्यादातर दस्तावेज जलकर खाक हो गए। चोर कार्यालय में चोरी की नीयत से घुसे थे। कुछ न मिलने से गुस्साये चोरों ने कार्यालय में आग लगा दी। कई स्थानों के पाइप व केबिल काटकर बेकार कर दिये। कम्प्यूटर कक्ष जलकर खाक हो गया। लैपटॉप, कैमरा व डीवीआर चोर लेकर फरार हो गए। उपनिबन्धक राजेश सिंह ने आगजनी की रिपोर्ट अज्ञात चोरों के खिलाफ कोतवाली कर्वी में दर्ज कराई है। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी समेत कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय ने घटना स्थल का मुआयना कर चोरों को जल्द पकडने का दावा किया है। दमकल ने आग पर काबू पाया।

आगजनी की ये घटना बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित पुरानी कोतवाली परिसर में रजिस्ट्री कार्यालय में हुई। बताया गया कि चोरों ने जिस ढंग से बड़ी घटना को अंजाम दिया है, पूरे जिले में हड़कंप मचा है। पुलिस हर पहलू पर जांच में जुटी है। डॉग स्क्वायड टीम ने भी जांच की। सवेरे चार बजे चोरों ने रजिस्ट्री कार्यालय को निशाना बनाया। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने घटना स्थल का जायजा लिया। बताया कि पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। पूरे मामले का जल्द खुलासा होगा।

कोतवाली कर्वी में लिखाई रिपोर्ट में उपनिबन्धक राजेश सिंह ने कहा कि अज्ञात चोर खिडकी में लगी एसी तोडकर अन्दर घुसे। कार्यालय में तोडफोड व आगजनी की।

कम्प्यूटर कक्ष की सभी सामग्री व रिकार्ड जलकर राख हो गये। बन्द अन्य कक्षों के ताले तोड दिये। आफिस में लगे सीसी कैमरे क्षतिग्रस्त कर दिये। एसी का बाहर लगा फैन काटकर ले गये। लैपटाप भी ले गये।

डीआईजी स्टाम्प ने ली जानकारी

डीआईजी स्टाम्प मंडल बांदा डॉ आरके मिश्रा व एआईजी स्टाम्प रामसुन्दर यादव ने रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचकर उपनिबन्धक राजेश सिंह से घटना की तफसील से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ये प्रदेश की बडी घटना है। सभी रिकार्ड जल गये हैं। नये सिरे से रिकार्ड बनाने होंगे।

आग लगी नहीं, लगवाई गई

सूत्र बताते हैं कि रजिस्ट्री कार्यालय में आग लगी नहीं, लगवाई गई है। अज्ञात चोरों के बहाने से आग लगवाने की पृष्ठभूमि में भू-माफियाओं का हाथ है। सूत्रों ने ये भी बताया कि आनलाइन रिकार्ड 2006-07 के रहे हैं, 2003 के रिकार्ड आनलाइन नहीं थे। इसके पीछे लोग पिपरावल नदी समेत अन्य नाले व तालाबों के अभिलेखों से जोडकर देख रहे हैं। इस मामले में एक पूर्व लेखपाल का नाम भी लोग ले रहे हैं।

बदल रहा चित्रकूट, आ रहे हजारों पर्यटक: अशोक जाटव

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव के मुख्य आतिथ्य में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, सीडीओ श्रीमती अमृत पाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल की मौजूदगी में दीप जलाकर उत्तर प्रदेश दिवस की समृद्धि-विरासत भजन संध्या स्थल सीतापुर में हुआ।

बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व जिलाधिकारी समेत जनप्रतिनिधियों ने भजन संध्या में लगे विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का फीता काटकर अवलोकन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि चित्रकूट डकैतों के नाम से कुख्यात था। आज खेल, शिक्षा प्रतियोगिता में नाम कर रहा है। बदलता हुआ उत्तर प्रदेश है, गौरवान्वित होना चाहिए। शिक्षा-सफाई व अन्य सभी में सरकार ने सम्मानित किया है। सरकार लाभार्थियों को टूल किट बांटे जा रहे हैं। पहले यहां लोग आना नहीं चाहते, उद्योग लगाना नहीं चाहते, आज पर्यटन क्षेत्र में विस्तार, मंदाकिनी की भव्य आरती हो रही है। हजारों पर्यटक आ रहे हैं। चित्रकूट बदल गया है। जिलाधिकारी ने यूपी दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री की अगुवाई में देश- प्रदेश बढ़ रहा है। गर्व होना चाहिए, भारत अकेला देश है, जहां कोई विभेद नहीं रहा। भारत की सभ्यता धार्मिक पर्यटन क्षेत्रों में विकास कर रहा है। अर्थव्यवस्था क्षेत्र में बढ़ रहा है। प्रदेश में 2027 तक वन ट्रिलियन का लक्ष्य है। मेहनत कर प्रदेश को आगे बढ़ाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री की अगुवाई में सभी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को मिल रहा है। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत कोदूराम, उपेंद्र कुमार, देवराज, रिंकू कुमार आदि गोल्डन कार्ड के तहत चंपा देवी, पियरिया देवी, नत्थू, शिवमोहन आदि को कृषि यंत्र बांटे। वितरण में दिनेश सिंह, राज किशोर, रावेद्र सिंह व खादी ग्रामोद्योग के तहत पाप कार्न मेकिंग मशीन बांटी। विनय कुमार वर्मा, प्रियांशु, मंगल प्रसाद को दिया। सफाई कर्मी, लेखपाल, शिक्षक व रंगोली बनाने वाले को प्रशस्ति पत्र बांटे।

इस मौके पर डीडीओ आरके त्रिपाठी, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, बीएसए लव प्रकाश यादव, क्षेत्रीय कीड़ा अधिकारी विजय कुमार, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, उपायुक्त उद्योग एसके केसरवानी, उप कृषि निदेशक राजकुमार आदि मौजूद रहे।

सपाइयों ने कपूर्री ठाकुर को किया याद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सपा जिला कार्यालय में जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि समाजवाद की परिकल्पना को साकार करने को उनके आदर्शों पर चलना होगा। बुधवार को सपा जिला कार्यालय में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कपूर्री ठाकुर की जयंती पर हुई गोष्ठी में कहा कि कपूर्री ठाकुर ने विषम हालातों में समाजवाद-समता व सम्पन्नता का नारा लेकर सबके शिक्षा-स्वास्थ्य की चिन्ता करते हुए देश में बराबरी लाने को कई आन्दोलन व जनजागरण किये थे। आर्थिक बराबरी पिछडे अल्पसंख्यकों व गरीब सवर्णों को समान अधिकार दिलाने की वकालत करते रहे हैं। ऐसे महापुरुषों के त्याग-बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। गोष्ठी में सपा के वरिष्ठ नेता/जिला पंचायत सदस्य अमृतलाल यादव के आकस्मिक निधन पर शोक जताया। इस मौके पर सपा नेता सत्नारायण पटेल, निर्भय पटेल, नरेन्द्र यादव, मो गलाब खां, लवलेश यादव, सरनाम यादव, निजाम सिद्दीकी, हरीमोहन यादव, उमाकान्त यादव, चन्दन कोटार्य, सीताराम कश्यप, अमृतलाल गुप्ता, रमेश यादव, अरुण यादव, अरशद खां, अभिलाष, गोलू सैनी, नन्दन सेन आदि मौजूद रहे।

खबर का असर: कुआ पर बनी जर्जर इमारत को पालिका ने ढहाया

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैण्ड पर कुआ पर बने तीन मंजिला जर्जर इमारत को नगर पालिका के ईओ लालजी यादव की देखरेख में ढहा दी गई। उससे पहले कुआ के आसपास बनी अस्थायी दुकानों को भी बुलडोजर से ढहा दिया गया। दुकान ढहाने का भाजपा नेता राकेश केशरवानी ने विरोध जताया है। बुधवार को तकरीबन 65 साल पहले बनी कुआ पर तीन मंजिला जर्जर इमारत से लोगों के जानमाल का खतरा बना हुआ था। इस इमारत के बाबत नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता भी अनहोनी की आशंका जता चुके थे। ईओ नगर पालिका लालजी यादव ने आज बुलडोजर लेकर जर्जर तीन मंजिला इमारत को ढहा दिया। उससे पहले कुआ के आसपास बनी दुकानों को भी बुलडोजर से ढहा दिया गया। दुकान व जर्जर इमारत ढहाने से बस स्टैण्ड के पास खुला मैदान नजर आने लगा है। उधर, भाजपा नेता राकेश केशरवानी ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि बस स्टैण्ड में 40 साल से उनकी दुकानें बनी थीं। नगर पालिका ने बिना किसी नोटिस के जबरियां दुकानें खाली कराकर ढहा दिया है। वे स्वेच्छा से दुकान खाली करना चाहते थे। बदले में नगर पालिका से दुकान चाहते हैं। नगर पालिका में पैसा जमा कर दुकानें दी गई थीं, उसी तरह से उन्हें भी पैसा जमा कराकर दुकानें दी जायें। दुकानदार संजय केशरवानी, जितेन्द्र केशरवानी, रामबाबू गुप्ता, कृष्णकान्त, विवेक सोनी ने मांग की है कि उन्हें दुकानें बनाकर दी जायें।

डिप्टी एसपी के बाद पवन का हुआ एसडीएम पद पर चयन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। प्रयागराज यूपीपीएससी 2023 का रिजल्ट घोषित होने से पाठा के पवन पटेल ने छठवें स्थान पर परचम लहराया। डकैतों के नाम से कुख्यात पाठा के ददरीमाफी, लंकापुरवा, रुकमाखुर्द निवासी पवन पटेल पुत्र केदार पटेल ने बाजी मारी हैं।

ज्ञात है कि पवन पटेल का यूपीपीएससी में चयन हुआ है। डकैतों के गढ़ से निकलकर खाकी धारण करने वाले अब यूपीपीएससी में चयन हुआ है। पहले वह डिप्टी एसपी पद पर चयनित हो चुके हैं। पिछले छह माह से मुरादाबाद में ट्रेनिंग चल रही है। यूपीपीएससी नतीजे आने पर पवन पटेल के परिजनों में खासा उत्साह है।

मझगवां को 77 रन से बदौसा ने हराया

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सदर ब्लॉक के पुरवा तरौहां में मां कालिका देवी क्रिकेट टूनार्मेंट के अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच मझगवां व बदौसा के बीच हुआ। मैच की शुरूवात बतौर मुख्य अतिथि/प्रदेश सचिव अम्बेडकर वाहिनी डॉ मान सिंह पटेल खिलाड़ियो का परिचय लेकर कराया। पहले बल्लेबाजी करते हुये बदौसा टीम ने 15 ओवर में सात विकेट खोकर 171 रन का लक्ष्य दिया। बदौसा के मनोज ने 31 बाल में 54 रन, जाहिद ने 12 गेंद में 33 रन बनाये। मझगवां के शिवम ने दो व लाल सैनी ने एक विकेट लिया। लक्ष्य पाने को मझगवां टीम ने 14 ओवर में 94 रन बनाकर आल आउट हो गयी। मुकाबला 77 रन से हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गयी। बदौसा के 54 रन व एक विकेट लेने वाले खिलाड़ी मनोज को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार मुख्य अतिथि मानसिंह पटेल, सुभाष यादव व मोहनलाल वर्मा प्रधान पुरवा तरौंहा ने दिया। डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। अंपायर ललित त्रिपाठी, लोकनाथ यादव, कमेंटेटर इब्रान खान, रमेश मिश्र, स्कोरर रामकुमार, मनीष कुमार रहे। शक्तिमान, सुधीर, रामप्रकाश यादव, शिवम निषाद, अजय यादव, गौरव मिश्रा, शरीफ खान, गोपाल मिश्रा, ललित त्रिपाठी, हिमांशु त्रिवेदी, कल्लू वर्मा ने सहयोग किया।

बेटी-बेटा एक समान, सभी बढें-सभी पायें सम्मान: डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पीसी पीएनडीटी के तहत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता रैली राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी परिसर से जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

बुधवार को जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस स्वास्थ्य विभाग की ओर से बालिकाओं के प्रति जागरूकता पैदा करने को ये रैली निकाली है। रैली राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से होते हुए धनुष चैराहा, बस स्टैंड होते हुए सीएमओ कार्यालय पर समाप्त हुई। सीएमओ कार्यालय में सीएमओ की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में सीएमओ ने कहा कि इस वर्ष की थीम डिजिटल जेनरेशन-अवर जनरेशन है। समाज में बालिकाओं की जरूरत उनके महत्व व कार्यों पर रोशनी डाली। समाज एवं घर-परिवार बालिकाओं की गैरहाजिरी में वीरान है। बालिकाओं को सामाजिक-आर्थिक एवं राजनीतिक तौर पर सशक्त होने को जागरूक किया।

इस मौके पर एसीएमओ डॉ जीआर रतमेले, एसीएमओ डॉ एमके जतारिया, डॉ राजकमल मिश्रा, प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी, डीपीएम आरके करवरिया, डीडीएम संतोष श्रीवास्तव, ज्ञानचंद शुक्ला, रूपनारायण, राजेंद्र चैरसिया, प्रिया माथुर, मीनू सिंह व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रायें मौजूद रही।

नौकरी है बहाना, घर में इलाज को है बुलाना, जिला अस्पताल के डॉक्टर की मनमानी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला अस्पताल फिर पुराने ढर्रे पर चलने लगा है। सीएमएस रहे सुधीर कुमार शर्मा के तबादले के बाद डॉक्टर सरकारी दवा न कर घर में मरीजों को बुलाने लगे हैं।

ज्ञात है कि यहां सीएमएस रहे डॉ सुधीर शर्मा ने जिला अस्पताल को सुधार दिया था। डॉक्टर जनता का इलाज करने लगे थे। उनका तबादला होते ही अस्पताल फिर पुराने ढर्रे पर चलने लगा है। डॉक्टर घर में इलाज के नाम पर फोन नंबर देकर बुलाने लगे हैं। दूर-दराज से आई एक महिला मरीज दो हफ्ते से इलाज को जिला अस्पताल में एक डॉक्टर साहब से इलाज करा रही थी। डॉक्टर ने हर बार महिला को सरकारी दवा में खास लाभ न होना कहकर घर पर इलाज को बुला रहे थे। महिला बार-बार जिला अस्पताल में ही इलाज को आ रही थी। हद तो तब हो गयी, जब डॉक्टर ने महिला को फोन नंबर लिखकर दिया। फोन से बात कर घर आने को कहा।

पढ़ी-लिखी महिला ने ये घटना क्रम का वीडियो बना लिया है। योगी सरकार मुफ्त इलाज का दावा कर रही है। संविदा में ईएमओ पद पर तैनात डॉक्टर योगी सरकार के मुफ्त इलाज के दावे को खोखला साबित कर रहे हैं। कार्यवाहक सीएमएस डॉ वंदना श्रीवास्तव के सामने ये डॉक्टर चुनौती दे रहे हैं। विभाग को बदनाम करने में जुटे हैं। देखना है कि ऐसे डॉक्टरों पर कब कार्यवाही होती है? इस बाबत कार्यवाहक सीएमएस डॉ वंदना श्रीवास्तव ने कहा कि मौखिक चेतावनी दी गई है। सुधार न होने पर कार्यवाही की जायेगी।

ईरान में हिजाब विरोधी प्रदर्शनों में महसा अमीन की मौत के बाद गिरफ्तार एक और व्यक्ति को फांसी

दुबई। ईरान में हिजाब विरोधी प्रदर्शनों के दौरान गिरफ्तार एक और व्यक्ति को फांसी दे दी गई है। वर्ष 2022 में देशव्यापी प्रदर्शनों के दौरान उसे गिरफ्तार किया गया था। ज्ञात रहे कि ईरान में हिजाब विरोधी प्रदर्शन के बाद पुलिस हिरासत में 22 वर्षीया महसा अमीनी को लिया गया था। मोरलिटी पुलिस की हिरासत में 16 सितंबर, 2022 को महसा की मौत के बाद देश भर में भड़के हिजाब विरोधी प्रदर्शन में कम से कम 529 लोगों की मौत हो गई थी और हजारों लोगों को इस दौरान हिरासत में लिया गया था।

एक रिपोर्ट के अनुसार, मोहम्मद कोबादलु को राजधानी तेहरान के समीप पारांड कस्बे में रैली के दौरान अपनी कार से कुचल कर एक पुलिसकर्मी की जान लेने और पांच अन्य को घायल करने के लिए सजा सुनाए जाने के बाद फांसी दी गई। महीनों तक चले प्रदर्शनों के बाद नौवें व्यक्ति को फांसी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 23 वर्षीय कोबादलु ने अपना दोष स्वीकार किया था। सुनवाई के दौरान उसे एक वकील की सुविधा प्रदान की गई थी। कोबादलु ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई फांसी की सजा के विरुद्ध अपील दाखिल कराई थी। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने निचली कोर्ट के फैसले को यथावत रखा।

बाइडन को भी प्राइमरी जीतने का भरोसा; न्यू हैंपशर में रिपब्लिकन-डेमोक्रेट खेमे का मुकाबला रोचक

वाशिंगटन। अमेरिका में इस साल के अंत में राष्ट्रपति चुनाव का प्रमुख मुकाबला होगा। इससे पहले प्राइमरी और कॉकस चरण में प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला हो रहा है। रिपब्लिकन प्रत्याशी के रूप में ट्रंप ने न्यू हैंपशर प्राइमरी में जीत हासिल की। एक रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बाद बाइडन को भी प्राइमरी में जीत हासिल करने का पूरा भरोसा है। अमेरिकी मीडिया के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक समर्थकों को एकजुट रखने के लिए बाइडन ने अनौपचारिक रूप से राइट-इन अभियान चलाया।

अमेरिकी सियासत में दो दिग्गजों की सीधी टक्कर

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक बाइडन के राइट-इन अभियान से पहले डेमोक्रेट खेमा हताश होने लगा था। न्यू हैंपशर में चुनावी अभियान के प्रति बाइडन की कथित उदासीनता, कम उत्साह और तुलनात्मक रूप से नाम की कम चर्चा को लेकर डेमोक्रेट खेमा शर्मनाक हार की आशंका से जूझ रहा था, लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। बाइडन प्राइमरी में जीत की औपचारिक घोषणा के बाद पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को सीधी टक्कर देंगे।

आंतकी पन्नू की हिंसक धमकियों पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की चुप्पी शर्मनाक ! क्यों बहरे हो गए पश्चिमी देश ?

वाशिंगटन। एक ऐसी दुनिया जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के आदर्शों की समर्थक है और घृणास्पद भाषण की निंदा करती है, गुरपतवंत सिंह पन्नू की खुली और हिंसक मौत की धमकियों के मद्देनजर पश्चिम की चुप्पी हैरान करने वाली और चिंताजनक है। नामित खालिस्तानी आतंकवादी पन्नून ने दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्रियों के खिलाफ खुलेआम धमकियाँ जारी की हैं, फिर भी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय शर्मनाक रूप से चुप है। लेखिका डा. जसनीत बेदी ने अपनी खास रिपोर्ट में इश मुद्दे पर खास ध्यान दिलाया है। उन्होंने अपने एक लेख में लिखा कि हैरान करने वाली बात यह है कि पन्नू का यह पहला हिंसक बयान नहीं है। पिछले साल उसने खुलेआम एयर इंडिया की उड़ानों पर हमले का आह्वान किया था और उसके बाद उन्होंने भारतीय संसद पर हमले की धमकी दी थी। स्वतंत्र भाषण लोकतांत्रिक समाजों की आधारशिला है, लेकिन यह नफरत फैलाने वाले भाषण देने और हिंसा भड़काने का बेलगाम लाइसेंस नहीं है। पन्नू का हालिया वीडियो संदेश, जिसमें उसने अपने सहयोगियों को रिहा नहीं करने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान को राजनीतिक मौत की धमकी दी है, न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में खतरे की घंटी है।

वियतनाम में भी बनेगा अयोध्याधाम जैसा श्रीराम मंदिर, धूमधाम से मनाया गया प्राण प्रतिष्ठा समारोह, केन्या में दीप जगमगाए

हनोई। देश-विदेश में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर मची धूम के बीच वियतनाम में अनुपम कार्यक्रम देखने को मिला। इसका आयोजन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के समिट इंडिया ट्रस्ट के तत्वावधान में किया गया। ट्रस्ट की विज्ञप्ति के अनुसार, वियतनाम में हजारों भारतीयों ने अयोध्याधाम में हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह की खुशी में बाईस जनवरी को अपनी दुकानें और संस्थान बंद रखे। वैदिक रीति रिवाज से सुब्रमणियम स्वामी मंदिर में भगवन श्रीराम का राज्याभिषेक किया। इस कार्यक्रम में वियतनाम के नागरिकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

समिट इंडिया के चेयरमैन और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने कहा है कि समिट इंडिया ने अयोध्या प्रकल्प शुरू किया है। इसके निमित्त विदेशी धरती पर हर एक भारतवंशी के लिए अयोध्याधाम जैसा सुंदर और भव्य मंदिर बनाने का संकल्प किया गया है। वियतनाम के साथ केन्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की धूम रही। जल्द ही अयोध्याधाम की पवित्र मिट्टी दोनों देशों में भेजी जाएगी। इसके बाद केन्या और वियतनाम में श्रीराम मंदिर के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम तय किया जाएगा। भाजपा नेता जाजू ने कहा कि समिट इंडिया के वियतनाम चैप्टर के चेयरपर्सन जेपी मिश्रा अयोध्या प्रकल्प का नेतृत्व करेंगे। वियतनाम में हुए कार्यक्रम में हजारों लोगों को श्रीरामचरितमानस (रामायण) की प्रतियां भेंट की गईं। केन्या में भी भारतवासियों ने हजारों रामज्योति प्रज्ज्वलित की।

आम चुनाव से पहले पाक सरकार का फैसला, वोटिंग के दौरान सुरक्षा के लिए तैनात होगी सेना

इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार ने औपचारिक रूप से 8 फरवरी के चुनावों के दौरान सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियमित सेना के जवानों को तैनात करने का निर्णय लिया। सेना तैनात करने का फैसला कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। सैनिकों की तैनाती के लिए सारांश आंतरिक मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत किया गया था। कैबिनेट बैठक के अंत में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, संघीय कैबिनेट ने आंतरिक मंत्रालय की सिफारिश पर आम चुनावों के शांतिपूर्ण संचालन के लिए पाकिस्तानी सेना और नागरिक सशस्त्र बल के जवानों की तैनाती को मंजूरी दे दी। मंत्रालय के अनुसार, 'ये बल संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों और मतदान केंद्रों पर ड्यूटी करेंगे और त्वरित प्रतिक्रिया बल के रूप में भी काम करेंगे।' यह निर्णय पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा 8 फरवरी को देशभर में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए 277,000 सैन्य कर्मियों को तैनात करने की मांग के बाद आया है, जब 126 मिलियन से अधिक पाकिस्तानी मतदाताओं ने अपना वोट डाला था। सशस्त्र बलों को नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सुरक्षा या सरकार द्वारा आवश्यक कोई अन्य सेवाएं प्रदान करने के लिए संविधान के तहत तैनात किया जाता है।

गाजा युद्ध में इजराइल को बड़ी क्षति, दो भवनों में विस्फोट, 21 सैनिक हताहत

तेल अवीव। गाजा पट्टी में तीन माह से अधिक समय से छिड़े युद्ध में इजराइल की फौज को अब तक की सबसे बड़ी क्षति हुई है। इस लड़ाई में 24 घंटे के दौरान 21 सैनिक हताहत हो गए। इस बीच इजराइल ने मध्यस्थों के जरिये फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के सामने युद्ध विराम का प्रस्ताव रखा है। द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक मध्य गाजा में दो भवनों में हुए विस्फोट में इजराइल के 21 सैनिकों की मौत हो गई। यह विस्फोट एक हमास आतंकवादी के एक टैंक पर रॉकेट चालित ग्रेनेड दागने से हुआ। इस लड़ाई में जान गंवाने वाले सैनिकों की संख्या 219 हो गई है। इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने कहा है कि युद्ध में हमारे सबसे अच्छे बेटों में से कई मारे गए हैं। यह एक असहनीय रूप से कठिन सुबह है। उन्होंने देश की तरफ से पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी है।रक्षामंत्री योव गैलेंट ने भी कहा है कि यह एक मुश्किल और दर्दनाक सुबह है। गैलेंट ने कहा है कि यह युद्ध आने वाले दशकों में इजराइल का भविष्य निर्धारित करेगा। इजराइल डिफेंस फोर्सेज

(आईडीएफ) प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने मध्य गाजा में किसुफिम के सीमावर्ती समुदाय के करीब हुई घटना में 21 सैनिकों के मारे जाने की पुष्टि की है। द इजराइल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इजराइल ने कतर और मिस्र के मध्यस्थों के माध्यम से हमास के सामने एक प्रस्ताव रखा है। इसमें कहा गया है कि अगर हमास गाजा में शेष 136 बंधकों की चरणबद्ध रिहाई को राजी हो तो इजराइल, हमास के खिलाफ दो महीने तक सैन्य अभियान रोक देगा। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने प्रस्ताव दिया कि व्यापक युद्ध विराम समझौते के तहत हमास नेताओं को गाजा पट्टी से निर्वासित होना होगा।

र्किये की संसद ने स्वीडन की नाटो सदस्यता को दी मंजूरी; चीन में भूस्खलन से अब तक 25 की मौत

स्वीडन। तुर्किये की संसद ने स्वीडन को नाटो में शामिल किए जाने संबंध में लाए गए प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। इससे स्वीडन के दुनिया के शक्तिशाली सैन्य गठबंधन में शामिल होने का रास्ता लगभग साफ हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, तुर्किये की संसद में 346 सदस्यों में से 287 ने स्वीडन को नाटो में शामिल करने के पक्ष में मतदान किया, जबकि 55 सांसदों ने इसका विरोध किया।

दक्षिण पश्चिम चीन में भूस्खलन के बाद मरने वालों की 25 तक संख्या

दक्षिणपूर्वी चीन में बड़े पैमाने पर भूस्खलन के बाद मरने वालों की संख्या 25 तक पहुंच गई है, बचाव दल जीवित बचे लोगों का पता लगाने के प्रयास जारी रखे हुए हैं। मंगलवार तक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 19 लोग लापता हैं। अधिकारियों ने चल रहे खोज अभियान के लिए लगभग एक हजार बचाव कर्मियों और 45 रेस्क्यू कुत्तों को तैनात किया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज में कहा गया है कि 18 घर दब गए और 500 से अधिक लोगों को निकाला गया। शी ने चीनी अधिकारियों से चीनी

नव वर्ष नजदीक आने पर बड़े हादसों से बचने के लिए हाई अलर्ट पर रहने का भी आग्रह किया। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'यह देखकर अच्छा लगा कि अफगानिस्तान में टिड्डियों के खिलाफ संघर्ष में भारत हमारा सहयोगी है। इस समर्थन के लिए धन्यवाद,'। 40 हजार लीटर मैलाथियान कीटनाशक की आपूर्ति दो ट्रकों में की गई और आधिकारिक तौर पर तालिबान-नियंत्रित अफगानिस्तान सरकार के कृषि, सिंचाई और पशुधन मंत्रालय को सौंप दिया गया। बता दें कि शुष्क क्षेत्रों में अपनी प्रभावकारिता और न्यूनतम पानी के उपयोग के लिए जाना जाने वाला मैलाथियान टिड्डी नियंत्रण में एक महत्वपूर्ण उपकरण माना जाता है।

कनाडा में श्रमिकों को खदानों में ले जा रहा विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त, छह की मौत

ओटावा। उत्तरी कनाडा में मजदूरों को खदान में ले जा रहा एक छोटा यात्री विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, इस हादसे में एक व्यक्ति की जान बच गई है। हालांकि, व्यक्ति की हालत के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है।

उड़ान भरने के तुरंत बाद ही विमान दुर्घटनाग्रस्त

विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद सेना और संघीय पुलिस मौके पर पहुंचीं। बचावकर्मियों ने मलबा बरामद किया। ट्रेंटन, ओंटारियो में संयुक्त बचाव समन्वय केंद्र ने कहा कि सुबह के 8:50 बजे उड़ान

भरने के तुरंत बाद ही विमान से संपर्क टूट गया था। शहर के एक अस्पताल ने बताया कि उन्होंने अपने सामूहिक प्रोटोकॉल को सक्रिय कर दिया है। जबकि, आर्कटिक क्षेत्र के प्रमुख कोरोनर गार्थ एगरबर्गर ने कहा कि मृतकों की गिनती जारी है। उन्होंने इसके अलावा कोई अन्य जानकारी नहीं दी है। जेटस्ट्रीम ट्विन टर्बोप्रॉप एयरलाइनर का संचालन करने वाली नॉर्थवेस्टर्न एयर ने बताया कि यह एक चार्टर विमान था, जो श्रमिकों को खदान तक ले जा रहा था। रनवे से 1.1 किलोमीटर दूर ही विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। फिलहाल फोर्ट स्मिथ से सभी विमानों को रोक दिया गया है। इस हादसे की जांच के लिए कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने एक टीम तैनात किया है।

नौ मई की हिंसा से जुड़े सात मामलों में इमरान की जमानत याचिका बहाल, अब भी जेल से बाहर आना मुश्किल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अदालत से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक को अभी भी जेल में ही रहना होगा। दरअसल, लाहौर हाईकोर्ट ने मंगलवार को नौ मई को सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुए हमले और हिंसा से जुड़े सात मामलों में खान की अग्रिम जमानत याचिकाएं बहाल कर दी। हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति आलिया नीलम और न्यायमूर्ति फारूक हैदर की पीठ ने खान की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें तोशाखाना मामले में खान की गिरफ्तारी के बाद नौ मई को हुई हिंसा से जुड़े मामलों में उनकी अग्रिम जमानत याचिकाओं को खारिज करने के संबंध में लाहौर की आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) के फैसले को चुनौती दी गई थी इमरान खान के वकील बैरिस्टर सलमान सफदर ने सुनवाई के दौरान अदालत को बताया कि ट्रायल कोर्ट ने कानून का उल्लंघन करते हुए उनके मुवक्किल की जमानत याचिका खारिज की। उन्होंने दलील दी कि जेल में बंद होने के कारण खान अपनी जमानत की सुनवाई के लिए ट्रायल कोर्ट के समक्ष उपस्थित नहीं हो सके। ट्रायल कोर्ट ने बिना उन्हें तलब किए जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। सफदर ने हाईकोर्ट से निचली अदालत के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया।

'इस्राइल-हमास संघर्ष के कारण हिंद महासागर में समुद्री व्यापार असुरक्षित'; संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भारत

न्यूयार्क। गाजा में बीते 109 दिनों से जारी युद्ध में अब तक 25 हजार से अधिक मौतें हो चुकी हैं। गहराते मानवीय संकट को लेकर भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर चिंता जताई है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण समुद्री व्यापार पर भी संकट मंडरा रहा है। मध्य पूर्व में इस संकट के बीच हिंद महासागर में व्यापार से जुड़े खतरों को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (हस्ट) में भारत ने गंभीरता को स्पष्ट तौर पर रेखांकित किया जाना जरूरी है।

राहत सामग्री की खेप पहुंचाने वाले देशों में भारत अग्रणी

भारत का ठोस पक्ष पेश करते हुए राजदूत रवींद्र ने इस्राइल और हमास का नाम लिए बिना दोनों के टकराव पर स्पष्ट संकेत दिए। उन्होंने कहा कि संघर्ष की शुरुआत के समय से ही भारत ने कहा है कि पीड़ितों के बीच मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए युद्ध को रोकना काफी अहम है। मानवीय संकट की गंभीरता पर ध्यान देते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने जिस तत्परता से मदद की है, भारत इन प्रयासों की सराहना करता है। रवींद्र ने बताया कि गाजा के युद्धग्रस्त इलाकों में रहने वाले फलस्तीनी लोगों के बीच राहत सामग्री की खेप पहुंचाने वाले देशों में भारत अग्रणी रहा।

भारत ने अब तक 41.58 करोड़ रुपये का फंड दिया

उन्होंने कहा, भारत ने फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी को दिसंबर में 2.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर दिए। अब तक कुल 5 मिलियन डॉलर यानी लगभग 41.58 करोड़ रुपये का फंड दिया जा चुका है। इस पैसे का इस्तेमाल शरणार्थियों के बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और दूसरी जरूरी चीजों के लिए किया जाना है।

इस्राइल और फलस्तीन की जनता स्थायी शांति चाहती है: फलस्तीन और इस्राइल को दो देश के रूप में मान्यता देने के भारत के रूख को दोहराते हुए राजदूत रवींद्र ने 'टू स्टेट सॉल्यूशन' (Two-State solution) का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि फलस्तीनी लोग इस्राइल की सुरक्षा चिंताओं को दूर करते हुए सुरक्षित सीमाओं के भीतर स्वतंत्र देश के रूप में रबह सकते हैं। हिंसा, टकराव और गतिरोध दूर करने का केवल एक ही रास्ता है, दोनों पक्ष सीधी और सार्थक बातचीत करें। इस्राइल और फलस्तीन की जनता स्थायी शांति चाहती है। दोनों पक्ष इसके हकदार भी हैं। भारत सभी पक्षों से तनाव कम करने, हिंसा से दूर रहने और तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाई से बचने की अपील करता है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

जबरन मजदूरी कराने से जुड़े मामले में भारतीय-अमेरिकी जोड़ा दोषी, 20 साल की जेल की सजा

वाशिंगटन। अमेरिका के वर्जीनिया में शख्स से अपनी दुकानों पर जबरन मजदूरी कराने से जुड़े मामले में एक भारतीय-अमेरिकी जोड़े को दोषी पाया गया है। वर्जीनिया में संघीय अदालत में चले इस मामले में हरमनप्रीत सिंह (30) और कुलबीर कौर (43) पर अपने ही एक दूर के भाई से गैस स्टेशन और किराने की दुकान में जबरन काम करने का मामला चल रहा था। इसमें पाया गया कि इस जोड़े ने न सिर्फ शख्स कैशियर के तौर पर काम कराया, बल्कि उससे खाना बनवाने, साफ-सफाई कराने और दुकानों में बिक्री का लेखा-जोखा भी रखवाते थे।

मामले में दोषी पाए जाने के बाद अब इस जोड़े को 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा रिहाई के पांच साल बाद भी उन पर निगरानी रखी जाएगी। इस जोड़े पर 2,50,000 डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक वकील जनरल क्रिस्टेन क्लार्क ने कहा कि इस जोड़े ने अमेरिका में युवक को स्कूल भेजने का झूठा वादा किया। लेकिन उसे स्कूल न जाने देकर पीड़ित का भरोसा तोड़ा। इसके अलावा उससे शारीरिक, मानसिक तौर पर दुर्व्यवहार का शिकार भी बनाया गया। वह भी इसलिए ताकि यह जोड़ा युवक से हर तरह का फायदा उठा सके। हरमनप्रीत और कुलबीर को पीड़ित के आव्रजन से जुड़े दस्तावेजों को जब्त करने और उसे समय समय चोट पहुंचाने का भी दोषी पाया गया। बताया गया है कि इस जोड़े ने उसके रहन-सहन की स्थिति को और बिगाड़ दिया था और उससे कम तनख्वाह में कई-कई घंटे काम कराया गया। अभियोजन पक्ष ने कहा कि जबरन मजदूरी और मानव तस्करी घिनौने अपराध हैं, जिनकी समाज में कोई जगह नहीं है।

PM नेतन्याहू की दो टूक- जीत के अलावा दूसरा विकल्प नहीं; गाजा में हमास के ठिकानों पर IDF के हमले जारी

तेलवीव। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू बीते 109 दिनों से जारी लड़ाई को खत्म करने के मूड में नहीं हैं। उन्होंने हमास के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के मामले में कहा है कि इस्राइली सैनिकों के पास जीत के अलावा कोई दूसरा विकल्प ही नहीं है। समाचार एजेंसी॰हद्ध की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में साफ किया कि विश्लेषण करने वाले लोगों की राय से उन्हें खास फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि जीत के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। बता दें कि पश्चिम एशिया / मध्य पूर्व और सामरिक मामलों के कई जानकार इस्राइल की जीत को असंभव और जरूरी नहीं मानते। हालांकि, ट्रंप का कहना है कि उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। इस्राइली सेना के इलियाकिम बेस का दौरा करने पहुंचे पीएम नेतन्याहू ने कंपनी कमांडरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कैडेटों और रिजर्विस्ट दोनों से मुलाकात की। सेना के इस ट्रेनिंग सेंटर के उप कमांडर कर्नल शेरोन एल्टिट ने प्रधानमंत्री को लड़ाकू कंपनी कमांडरों को दी जाने वाली ट्रेनिंग के बारे में विस्तार से बताया। पीएम नेतन्याहू ने प्रशिक्षण हासिल कर रहे कैडेटों से भी बात की। उन्होंने गाजा में बीते 109 दिनों से जारी युद्ध में हुई प्रगति की जानकारी भी ली। पीएम नेतन्याहू ने दक्षिण, उत्तर और यहूदिया और सामरिया में जारी सैन्य गतिविधि को लेकर सरकार की नीति के बारे में सैनिकों को भी जानकारी दी। उन्होंने दो टूक लहजे में कहा, 5पूर्ण जीत से कम उन्हें किसी और चीज की उम्मीद नहीं।' नेतन्याहू ने कहा, युद्ध में जीत का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। विश्लेषकों और टिप्पणीकारों का मानना है कि यह असंभव और अनावश्यक है। हालांकि, उनकी नजर में यह संभव होने के साथ-साथ जरूरी भी है। नेतन्याहू ने दोहराया कि पूर्ण जीत का कोई दूसरा विकल्प है ही नहीं। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के आक्रोश का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने हमास के हमलावरों को राक्षस बताया है। उन्होंने कहा कि ये राक्षस जरूर हारेंगे। उन्हें इस्राइली सैनिकों की क्षमता पर भरोसा होने के साथ-साथ जीत की आशा भी है। नेतन्याहू ने कहा, उन्हें यकीन है कि द्वष्ठस्न के सैनिक भी इसी लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में संघर्ष कर रहे हैं।